रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/95

REGD. NO. D.L.-33004/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 50] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 29, 1995/आश्विन 7, 1917
No. 50] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 29, 1995/ASVINA 7, 1917

India Code

विजया बैंक

(प्रधान कार्यालय)

अधिसूचना

बेंगलूर, 29 सितम्बर, 1995

सं० 1900/95.—बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) की धारा 19 की उप-धारा (2) के खण्ड (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, **विजया बैंक** का निदेशक बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

अध्याय-1

भूमिका

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

(1) इन विनियमों का नाम **विजया बैंक** (कर्मचारी) पेंशन विनियमन, 1995 है।

(2) इन विनियमों में जैसा अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, ये विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त हुए समझे जाएँगे।

2. परिभाषाएँ : इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अधिनियम" से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) अभिप्रेत है।

(ख) " बीमांकक " का वही अर्थ होगा जो उसका बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 2 के खण्ड (1) में है ।

(ग) " परिशिष्ट " से इन विनियमों से उपाबद्ध परिशिष्ट अभिप्रेत है ।

(घ) " औसत परिलब्धि " से किसी कर्मचारी द्वारा बैंक में अपनी सेवा के अंतिम दस मास के दौरान लिए गए वेतन का औसत अभिप्रेत है,

(ङ) ''बैंक'' अधिनियम की पहली अनुसूची के स्तंभ 2 के अंतर्गत उल्लिखित **विजया बैंक** अभिप्रेत है,

(च) " बोर्ड " से बैंक का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है ।

(छ) " संतान" से कर्मचारी की संतान अभिप्रेत है, जो यदि वह पुत्र है तो पच्चीस वर्ष से कम आयु का है और यदि पुत्री है अविवाहिता है और पच्चीस वर्ष से कम आयु की है और बहुवचनमें प्रयोग किया जाने पर इस संतान पद का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा,

(ज) " सक्षम प्राधिकारी " से इन विनियमों के प्रयोजन हेतु बोर्ड द्वारा नियुक्त प्राधिकारी अभिप्रेत है,

(झ) " समेकित मज़दूरी " से वेतन मान मज़दूरी न पानेवाले अधीनस्थ स्टाफ के अंशकालिक कर्मचारियों को एकमुश्त रकम अभिप्रेत है,

(ञ) " अंशदान " से बैंक द्वारा कर्मचारी की ओर से निधि में जमा की गई राशि अभिप्रेत है , किन्तु इसके अंतर्गत ब्याज के रूप में जमा की गई कोई रकम शामिल नहीं है,

(ट) " सेवानिवृत्ति की तारीख " से अभिप्रेत है उस मास की अंतिम तारीख, जिसको कोई कर्मचारी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करता है या वह तारीख, जिसको बैंक द्वारा उसे सेवानिवृत्त किया जाता है या वह तारीख, जिसको कर्मचारी स्वेच्छा से सेवानिवृत्त होता है या वह तारीख, जिस तारीखको अधिकारी सेवानिवृत्त हुआ समझा जाता है

(ठ) " सेवानिवृत्त समझा जाना " से केन्द्र सरकार द्वारा बैंक या उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची के स्तंभ 2 में उल्लिखित किसी अन्य बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) या किसी अन्य सरकारी वित्तीय संस्था या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का 23) के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक में पूर्णकालिक निदेशक या प्रबंध निदेशक या अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर बैंक की सेवा की समाप्ति अभिप्रेत है,

(ड) ''अनुशासन और अपील विनियम'' से उक्त अधिनियम की धारा 19 के अधीन बनाए गए **विजया बैंक** अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1981 अभिप्रेत है,

IndiaCode

(ढ) " कर्मचारी " से बैंक की सेवा में पूर्णकालिक कार्य के लिए स्थायी आधार पर या अंशकालिक कार्य के लिए स्थायी आधार पर वेतन मान पर नियोजित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है और जिसने इन विनियमों द्वारा शासित लेने के विकल्प का प्रयोग किया है और इन विनियमों द्वारा शासित होता है, किन्तु संविदा आधार या दैनिक मज़दूरी आधार या समेकित मज़दूरी पर नियोजित व्यक्ति इसके अंतर्गत नहीं है,

(ण) किसी कर्मचारी के संबंध में " कुटुंब " से निम्नलिखित अभिप्रेत है-

(i) पुरुष कर्मचारी की दशा में पत्नी और स्त्री कर्मचारी की दशा में पति,

(ii) न्यायिक रूप से पृथक पति या पत्नी, किन्तु यह पृथकरण जारकर्म के आधार पर मंजूर नहीं हुआ है और उत्तरजीवी व्यक्ति जारकर्म का दोषी नहीं ठहराया गया है,

(iii) पुत्र और अविवाहिता पुत्री, जिसने पच्चीस वर्ष की आयु प्राप्त नही की है इसके अंतर्गत कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति से पूर्व वैध रूप से दत्तक लिया गया पुत्र या पुत्री है,

(त) " वित्तीय वर्ष " से 1 अप्रैल के प्रथम दिन से प्रारंभ होनेवाला वर्ष अभिप्रेत है,

(थ) ''निधि'' से विनियम 5 के अधीन गठित **विजया बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि अभिप्रेत है,

(द) " अधिसूचित तारीख " से वह तारीख अभिप्रेत है जिसको ये विनियम राजपत्र में प्रकाशित हुए हैं,

(ध) " वेतन " के अंतर्गत है-

(क) ऐसे कर्मचारी की दशा में, जो 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात किन्तु नवंबर, 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ है या जिसकी मृत्यु हो गयी है-

(i) मूल वेतन जिसके अंतर्गत वेतनवृद्धियाँ भी हैं, यदि कोई हो, और

(ii) भविष्य निधि मे अंशदान करने और महंगाई भत्ते का संदाय करने के प्रयोजन के लिए गणना में लिए गए सभी भत्ते,

(ख) ऐसे कर्मचारी की दशा में, जो 1 नवंबर 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होता है या जिसकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है-

(i) मूल वेतन जिसके अंतर्गत वेतनवृद्धियाँ भी है, यदि कोई हों, और

(ii) भविष्य निधि में अंशदान करने और महंगाई भत्ते का संदाय करने के प्रयोजनों के लिए गणना में लिए जाने वाले सभी भत्ते, और

(iii) नियम वैयक्तिक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक, और

IndiaCode

(iv) 1960 = 100 शृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक के 1148 तक संगणित महंगाई भत्ता,

(न) " पेंशन " के अंतर्गत मूल पेंशन और इन विनियमों के अध्याय 6 में निर्दिष्ट अतिरिक्त पेंशन है,

(प) "पेंशनभोगी " से वह कर्मधारी अभिप्रेत है जो इन विनियमों के अधीन पेंशन पाने का पात्र है,

(फ) " सरकारी वित्तीय संस्था " से कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 4 क के प्रयोजनों के लिए सरकारी वित्तीय संस्था समझी जानेवाली वित्तीय संस्था अभिप्रेत है,

(ब) " अर्हक सेवा " से ड्यूटी पर रहते हुए या अन्यथा की गई ऐसी सेवा अभिप्रेत है जिसे इन विनियमों के अधीन पेंशन के प्रयोजन के लिए गणना में लिया जाएगा,

(भ) " सेवानिवृत्त " के अंतर्गत खण्ड (1) के अंतगत सेवानिवृत्त समझा गया है,

(म) " सेवानिवृत्त" से निम्नलिखित दशाओं में बैंक की सेवा समाप्ति अभिप्रेत है, अर्थात्-

(i) सेवा विनियमों या समझौतों में उल्लिखित अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने पर,

(ii) इन विनियमों के विनियम 29 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर,

(iii) सेवा विनियमों या समझौतों में विनिर्दिष्ट अधिवर्षिता आयु से पूर्व ही समयपूर्व सेवानिवृत्ति पर,

(य) " मज़दूरी मान " से अंशकालिक कर्मचारियों के संबंध में अभिप्रेत समझौते के अधीन समय समय पर संदेय मूल वेतन, नगर प्रतिकर भत्ता, विशेष भत्ते, मकान किराया भत्ता और अन्य भत्ते, यदि कोई हों, और महंगाई भत्ता,

(यक) ''सेवा विनियमों'' से उक्त अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत बनाए गए **विजया बैंक** (अधिकारी) सेवा विनियम, 1982 अभिप्रेत हैं,

(यख) " समझौता " से बैंक प्रबंधक वर्ग द्वारा प्राधिकृत संघ के प्रतिनिधियों और ऐसे बैंक के कर्मकारों द्वारा प्राधिकृत ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों का बैंक प्रबंधक वर्ग के बीच हुआ समझौते का ज्ञापन अभिप्रेत है,

(यग) ''न्यास'' से अभिप्रेत है विनियम 5 के उप विनियम 1 के अधीन गठित **विजया बैंक**(कर्मचारी) पेंशन निधि न्यास,

(यघ) ''न्यासी'' से अभिप्रेत है विनियम 5 के अधीन गठित **विजया बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि के न्यासी,

(यङ) " भविष्य निधि का न्यासी " से अभिप्रेत है बैंक के भविष्य निधि का न्यासी,

(यच) इन विनियमों में प्रयोग किए गए किन्तु अपरिभाषित अन्य सभी शब्दों और पदों के, जो अधिनियम या सेवा विनियमों या समझौतों में परिभाषित है, वही अर्थ लेंगे जो यथास्थिति, अधिनियम, सेवा विनियमों या समझौतों में है ।

अध्याय 2

लागू होना और पात्रता

3. ये विनियम ऐसे कर्मचारियों को लागू होंगे जो

(1) (क) पहली जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में थे किन्तु पहली नवम्बर 1993 से पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे, और

(ख) अधिसूचित तारीख से एक सौ दिन के भीतर लिखित में निधि का लिखित सदस्य बनने का विकल्प का प्रयोग करते हैं, और

(ग) खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट एक सौ बीस दिन की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात साठ दिन के भीतर भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और उस पर प्रोद्भूत ब्याज , भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक को उक्त रकम लौटाने की तारीख तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर पर अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस कर देते हैं, या

(2) (क) पहली नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात परंतु अधिसूचित तारीख से पूर्व सेवानिवृत्त हो गया है, और

(ख) अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन की अवधि के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करते हैं, और

(ग) खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात साठ दिनों के भीतर, भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और उस पर प्रोद्भूत ब्याज भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक की उक्त रकम लौटाने तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर पर अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस कर देते हैं, या

(3) (क) अधिसूचित तारीख से पूर्व बैंक की सेवा में है और अधिसूचित तारीख को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में बने रहते हैं, और

(ख) अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करते हैं, और

(ग) बैंक के भविष्य निधि के न्यासी को बैंक की संपूर्ण रकम, उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित, विनियम 5 के अधीन इस प्रयोजन हेतु गठित निधि में अंतरित करने के लिए प्राधिकृत करते हैं , या

(4) अधिसूचित तारीख को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में आते हैं, और

IndiaCode

(5) पहली नवम्बर 1993 को या उसके पश्चात किसी भी समय बैंक की सेवा में थे और जिनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात किन्तु अधिसूचित तारीख से पूर्व मृत्यु हो गई थी, ऐसे कर्मचारियों के कुटुम्ब , उस तारीख से, जिसको वे यदि जीवित रहते तो इन विनियमों के अधीन पेंशन पाने के हकदार होंगे, यदि मृत कर्मचारी का कुटुम्ब-

(क) अधिसूचित तारीख से बीस दिन के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करता है, और

(ख) उपर्युक्त खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात साठ दिन के भीतर, भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और उस पर प्रोद्भूत ब्याज भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक को उक्त रकम लौटाने की तारीख तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस कर दें, या

(6) पहली नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में आते हैं किन्तु अधिसूचित तारीख से पूर्व बैंक की सेवा में रहते हुए जिनकी मृत्यु हो गई है, उनके कुटुम्ब इन विनियमों के अधीन कुटुम्ब पेंशन के हकदार होंगे,

परन्तु यह जब तक कि ऐसे मृत कर्मचारी का कुटुम्ब अधिसूचित तारीख से एक सौ अस्सी दिन के भीतर भविष्य निधि में बैंक के अंशदान यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम को उस पर प्रोद्भूत ब्याज और भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक को उक्त रकम लौटाने की तारीख तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ वापस कर देता है,

परन्तु यह और भी कि ऐसे मृत कर्मचारी का कुटुम्ब पेंशन प्रदान किए जाने के लिए आवेदन करेगा, या

(7) पहली जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात किसी भी समय बैंक की सेवा में थे और जिनकी 31 अक्तूबर, 1993 को या उससे पूर्व सेवा में रहते हुए मृत्यु हो गई है या जो 31 अक्तूबर 1993 को या इससे पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके थे किंतु जिसकी अधिसूचित तारीख से पूर्व मृत्यु हो गई है, ऐसे मामले में ऐसे कर्मचारियों के कुटुम्ब इन विनियमों अधीन यथास्थिति , पेंशन या कुटुम्ब पेंशन के हकदार होंगे , यदि मृत कर्मचारी या कुटुम्ब -

(क) अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करता है, और

(ख) उपर्युक्त खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात साठ दिन के भीतर , भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और उस पर प्रोद्भूत ब्याज भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक को उस रकम लौटाने की तारीख तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस कर देता है, या

(8) 31 अक्तूबर , 1993 को या इससे पूर्व बैंक की सेवा में आता है और जिनको पहली नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात बाद किन्तु अधिसूचित तारीख से पूर्व सेवा में रहते हुए मृत्यु हो गई है, ऐसे मामले में, ऐसे कर्मचारियों के अधीन कुटुम्ब इन विनियमों के अधीन कुटुम्ब पेंशन हकदार होंगे, यदि मृत कर्मचारी का कुटुम्ब -

(क) अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर लिखित रूप में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करता है, और

IndiaCode

(ख)उपर्युक्त खण्ड (क)में विनिर्दिष्ट एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात साठ दिन के भीतर भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और उस पर प्रोद्भूत ब्याज भविष्य निधि खातों के परिनिर्धारण की तारीख से बैंक को उक्त रकम लौटाने की तारीख तक उस रकम पर छह प्रतिशत की वार्षिक दर से अतिरिक्त साधारण ब्याज के साथ वापस कर देता है ।

(9) उप विनियम (1),(2),(3),(5) और (8) में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि कोई कर्मचारी या मृत कर्मचारी का कुटुम्ब इस अध्याय के उपबंधों के अनुसार अधिसूचित तारीख से साठ दिन के भीतर बैंक का अंशदान और उस पर प्रोद्भूत ब्याज , उस रकम पर अतिरिक्त सामान्य ब्याज सहित ,भविष्य निधि को लौटा देता है और उस दशा में जब भविष्य निधिन्यास से प्राप्त नहीं हुआ है, यदि उसने अधिसूचित तारीख से साठ दिन के भीतर बैंक के भविष्य निधि न्यासियों को भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण रकम और इस अध्याय के उपबंधों के अनुसार उस पर प्रोद्भूत ब्याज को विनियम 5 के अंतर्गत इस प्रयोजन के लिए गठित निधि में जमा कराने हेतु प्राधिकृत कर दिया है या ऐसा करता है, यदि कोई कर्मचारी या मृत कर्मचारी का कुटुम्ब अधिसूचित तारीखसे पूर्व कोई विकल्प चुन लेता है तो समझौते के अनुसार इस अध्याय के प्रयोजन हेतु विकल्प माना जाएगा ।

4. भविष्य निधि में अंशदान करने का विकल्प :

(1) विनियम 3 के उप विनियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, वह कर्मचारी, जो अधिसूचित तारीख को या इसके पश्चात पैंतीस वर्ष या इससे अधिक आयु में बैंक की सेवा में आता है, अपनी नियुक्ति की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर पेंशन के अपने अधिकार छोड़ने का निर्वाचन कर सकेगा और ऐसा करने पर ये विनियम लागू नहीं होंगे ।

(2) उप -विनियम (4) और विनियम 3 मे निर्दिष्ट विकल्प का एक बार प्रयोग किया जाए पर वह अंतिम होगा ।

अध्याय -3

निधि

5. निधि का गठन :

(1) बैंक अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर अप्रतिसंहरणीय न्यास के अधीन **विजया बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि के नाम से एक निधि का गठन करेगा ।

(2) निधि का एक मात्र प्रयोजन होगा कर्मचारी या उसके कुटुम्ब को इन विनियमों के अनुसार पेंशन के संदाय का उपबंध करना ।

(3) बैंक निधि का एक अंशदाता होगा और वह सुनिश्चित करेगा कि निधि में पर्याप्त धनराशि रहे ताकि न्यासी इन विनियमों के अधीन हितग्राहिकारियों को पेंशन संदाय कर सकें।

6. भविष्य निधि न्यास का दायित्व :—भविष्य निधि न्यास निधि के गठन के तुरंत पश्चात् प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संचित रकम, ऐसे अंतरण की तारीख तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित **विजया बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि में अंतरित करेगा।

7. निधि की संरचना : निधि निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात

(क)कर्मचारी के वेतन पर दस प्रतिशत प्रति मास की दर से बैंक द्वारा अंशदान ।

(ख) कर्मचारियों की दशा में भविष्य निधि में बैंक का संचित अंशदान और ऐसे अंतरण की तारीख तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज।

(ग) ऐसे कर्मचारियों द्वारा जो अधिसूचित तारीख से पूर्व सेवानिवृत्त हो गए है किन्तु जिन्होंने इन विनियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार पेंशन के विकल्प का प्रयोग किया है वापस की गई बैंक के अंशदान की रकम और उस पर ब्याज ।

(घ) निधि के धन से क्रय की गई वार्षिकी या प्रतिभूतियों में किया गया निवेश और उस पर ब्याज।

(ङ) निधि की पूंजी आस्तियों से उद्भूत किसी पूंजी अभिलाभ की रकम ।

(च) इन विनियमों के विनियम ॥ में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार बैंक द्वारा किया गया अतिरिक्त वार्षिक अंशदान।

(छ) निधि मे जमा की गयी रकमों के निवेश से हुई आय ।

(ज) मृत कर्मचारी के कुटुम्ब द्वारा वापस किए गए बैंक के अंशदान की रकम और उस पर ब्याज ।

8. न्यासी बोर्ड :-

(1) न्यासी बोर्ड बैंक द्वारा नियुक्त इतने व्यक्तियों से मिलकर बनेगा जिसकी संख्या बैंक अवधारित करेगा किंतु जिसकी संख्या तीन से कम और नौ से अधिक नहीं होगी ।

(2) न्यासियों की नियुक्ति का अधिकार बैंक में निहित होगा और ऐसी सभी नियुक्तियाँ लिखित रूप से की जाएंगी ।

(3) बैंक एक न्यासी को न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नामनिर्देशित करेगा । बैंक किसी एक न्यासी को अनुकल्पी अध्यक्ष के रूप में नामनिर्देशित करेगा जो न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा ।

9. न्यासियों द्वारा बैंक के निदेशों का पालन किया जाना :- न्यासीगण
निधि के समुचित कार्यकरण के लिए बैंक द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पालन करेंगे ।

10. निधि की लेखाबहियाँ :-

(1) निधि के लेखाओं मे निधि से संबंधित सभी वित्तीय संव्यवहारों की विशिष्टियाँ ऐसे प्रारूप में अंतर्विष्ट होंगी जो बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं ।

IndiaCode

(2) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से एक सौ अस्सी दिन के भीतर न्यास, न्यास की आस्तियों और दायित्वों का सामान्य लेखा दर्शाते हुए अपना वित्तीय विवरण तैयार करेगा और उसकी एक प्रति बैंक को अग्रेषित करेगा ।

(3) निधि के लेखाओं की उक्त अधिनियम की धारा दस के उपबंधों के अनुसार संपरीक्षा की जाएगी ।

11. निधि का बीमांकिक अन्वेषण :- बैंक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 31 मार्च को निधि की वित्तीय स्थिति का किसी बीमांकक द्वारा अन्वेषण कराएगा और निधि में ऐसा अतिरिक्त वार्षिक अंशदान करेगा जो इन विनियमों के अधीन लाभों का संदाय सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित हों :

परंतु यह कि बैंक जिस वित्तीय वर्ष में निधि का गठन किया गया है उसके ठीक पश्चात्वर्ती 31 मार्च को निधि की वित्तीय स्थिति के संबंध में किसी बीमांकक से अन्वेषण कराएगा ।

12. निधि का निवेश :- निधि में अंशदान की गयी या प्राप्त या ब्याज के रूप में अधिसूचित तारीख के पश्चात प्रोद्भूत संपूर्ण राशि भारत में डाक घर बचत बैंक खाते या किसी अनुसूचित बैंक के चालू खाते में जमा की जा सकेगी या भारतीय न्यास अधिनियम 1882 (1882 का 2) के अनुसार उपयोग में लायी जा सकेगी ।

13 निधि से भुगतान :- न्यास द्वारा फायदों का संदाय बैंक कर्मचारियों को पेंशनिक फायदे या बैंक के मृत कर्मचारियों के कुटुम्बों को कुटुम्ब पेंशन देने के लिए किया जाएगा ।

अध्याय 4

अर्हक सेवा

14. अर्हक सेवा :- इन विनियमों में अंतर्विष्ट अन्य शर्तों के अधीन रहते हुए ऐसा कर्मचारी जिसने अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख को या जिस तारीख को वह सेवानिवृत्त समझा जाता है उस तारीख को बैंक में न्यूनतम दस वर्ष की सेवा की है, पेंशन के लिए अर्हित होगा ।

15. अर्हक सेवा का आरंभ :- इन विनियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी कर्मचारी की अर्हक सेवा उस तारीख से आरंभ होगी, जिस तारीख को वह उस पद का कार्यभार ग्रहण करता है, जिस पर वह पहली बार स्थायी आधार पर नियुक्त हुआ है ।

16. परिवीक्षा पर की गयी सेवा की गणना :- बैंक में किसी पद पर परिवीक्षा पर की सेवा अर्हक सेवा होगी, यदि परिवीक्षा के पश्चात उसी पद पर या किसी अन्य पद पर उसकी पुष्टि हो जाती है ।

17. छुट्टी पर व्यतीत अवधि की गणना :- बैंक की सेवा में ऐसी सभी छुट्टियों की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी जिसके लिए छुट्टी वेतन संदेय है ।

परंतु वेतन हानि पर असाधारण छुट्टी अर्हक सेवा में नहीं गिनी जाएगी सिवाय तब के जब मंजूरी प्राधिकारी ने निदेश दिया है कि ऐसी छुट्टी, संपूर्ण सेवावधि के दौरान बारह महीनों से अनधिक, पेंशन सहित सभी प्रयोजनों के लिए सेवा के रूप में गिनी जाए ।

18. एक वर्ष से कम की सेवा का खंडित सेवाकाल - यदि किसी कर्मचारी की सेवा में एक वर्ष से कम का खंडित सेवाकाल सम्मिलित है तो यदि यह खंडितकाल छः महीनों से अधिक है तो उसे एक वर्ष गिना जाएगा और यदि ऐसा खंडितकाल छः महीने या कम है तो इसे छोड़ दिया जाएगा ।

19. प्रशिक्षण में व्यतीत अवधि की गणना :- किसी कर्मचारी द्वारा उसकी नियुक्ति से ठीक पहले बैंक में प्रशिक्षण में व्यतीत अवधि की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी ।

20. किसी पूर्व बैंक के साथ की गयी भूतकालिक सेवा की गणना:- जिस बैंक में ये विनियम लागू होते हैं, उसमें किसी अन्य बैंक के विलयन या समामेलन पर किसी अन्य बैंक से स्थायी रूप से स्थानांतरित किए गए कर्मचारी में, ऐसे कर्मचारी द्वारा यथास्थिति किसी की अन्य बैंक में स्थायी आधार पर की गई अनवरत सेवा, यदि कोई हो, जिसके पश्चात बिना किसी व्यवधान के स्थायी नियुक्ति हुई हो या बैंक में स्थायी क्षमता में की गई अनवरत सेवा होगी, परंतु संविदा के आधार पर या दैनिक मजदूरी के आधार पर या समेकित मजदूरी पर नियुक्त किसी कर्मचारी पर यह विनियम लागू नहीं होगा ।

21. निलंबन की अवधि :- जाँच लंबित रहने के दौरान किसी कर्मचारी को निलंबन की अवधि की गणना अर्हक सेवा के लिए की जाएगी जहाँ ऐसी जाँच पूरी हो जाने के पश्चात उसे पूरी तरह निमुक्त कर दिया गया है या निलंबन की अवधि को तब तक अर्हक सेवा नहीं गिना जाएगा जब तक कि ऐसे मामलों को शासित करनेवाले सेवा विनियमों या अनुशासन एवं अपील विनियमों या समझौतों के अधीन आदेश पारित करनेवाला सक्षम प्राधिकारी उस समय स्पष्ट रूप से यह घोषित न करे कि उसकी गणना उस विस्तार तक की जाएगी जितनी घोषणा सक्षम प्राधिकारी करे ।

22. सेवाकाल का समपहरण:-

1. किसी कर्मचारी के बैंक की सेवा से त्यागपत्र देने या उसके पदच्युत किए जाने या हटाए जाने या सेवा समाप्ति पर उसकी संपूर्ण पिछली सेवा समपहृत हो जाएगी और परिणामस्वरूप पेंशनिक फायदों के लिए अर्हक सेवा नहीं होगी ।

2. निम्नलिखित मामलों को छोड़कर किसी बैंक कर्मचारी की सेवा में व्यवधान उसकी पूर्व सेवा को अपरिहार्य रूप से समपहृत कर देता

क) प्राधिकृत अनुपस्थिति छुट्टी,

ख) निलंबन, जहां उसका तुरंत यथापूर्वकरण चाहे उसी पद पर हो या किसी भिन्न पद पर या जहां बैंक कर्मचारी की मृत्यु हो गई है या उसे सेवा निवृत्ति की अनुमति दी गई है या निलंबन के दौरान अनिवार्य सेवानिवृत्ति की आयु पर पहुंचने पर सेवानिवृत्त कर दिया गया है ।

ग) सरकार के नियंत्रणाधीन किसी संस्थान में या बैंक में गैर अर्हक सेवा में स्थानांतरण , यदि ऐसे स्थानांतरण का आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा लोकहित में दिया गया है ।

घ) स्थानांतरण पर एक पद से दूसरे पद पर कार्यग्रहण करने का समय ।

3. उप-विनियम (2) में अंतर्दिष्ट किसी बात के होते हुए भी नियुक्ति प्राधिकारी बिना छुट्टी की अनुपस्थिति की अवधि को भूतलक्षी प्रभाव से असाधारण छुट्टी में परिवर्तन करने का आदेश दे सकता है ।

4. क) सेवा अभिलेख में किसी प्रतिकूल विशिष्ट उपदर्शन के अभाव में किसी बैंक कर्मचारी द्वारा की गई सेवा की दो अवधियों के बीच के व्यवधान को स्वतः माफ किया जाएगा और व्यवधान से पहले की सेवा को अर्हक सेवा माना जाएगा ।

ख) खण्ड (क) की कोई भी बात त्याग पत्र या पदच्युति या सेवा से हटाए जाने के कारण या हड़ताल में भाग लेने के कारण हुए व्यतिक्रम पर लागू नहीं होगी ।

परंतु किसी बैंक कर्मचारी के सेवा अभिलेख में हड़ताल में भाग लेने के कारण पिछली सेवा में हुए समपहरण के संबंध में, प्रविष्टि करने से पहले ऐसे बैंक कर्मचारियों को अभ्यावेदन करने का एक अवसर दिया जा सकता है ।

23. विदेशी सेवा में प्रतिनियुक्ति की अवधि :- संयुक्त राष्ट्र या किसी अन्य विदेशी निकाय या संगठन को विदेश सेवा में प्रतिनियुक्त कर्मचारी अपने विकल्प पर -

क) अपनी विदेश सेवा के संबंध में पेंशन का अंशदान अदा कर सकता है और ऐसी सेवा की गणना इन विनियमों के अधीन अर्हक सेवा की रूप में कर सकता है , या

ख) विदेशी नियोजक के नियमों के अधीन अनुज्ञेय सेवानिवृत्ति फायदों का लाभ ले सकेगा और ऐसी सेवा की गणना इन विनियमों के अधीन अर्हक सेवा के रूप में नहीं करेगा ।

परंतु यदि कोई कर्मचारी खंड (ख) के लिए विकल्प देता है तो उसे सेवानिवृत्ति फायदे भारत में रुपयों में ऐसी तारीख से और ऐसी रीति से संदेय किए जाएँगे जिसे बैंक आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करें ।

24. सेना में सेवा :- ऐसा कर्मचारी जिसने बैंक में नियुक्ति से पहले सेना में सेवा की है सैनिक पेंशन ,यदि कोई हो, प्राप्त करता रहेगा और सेना में कर्मचारी द्वारा की गई सेवा की गणना पेंशन के रूप में नहीं की जाएगी ।

25. भारत में किसी संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि :- भारत में किसी अन्य संगठन में कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की अवधि की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी ।

परंतु यह तब जबकि ऐसा संगठन जिसमें वह प्रतिनियुक्त है या कर्मचारी इन विनियमों के विनियम 7 के उप-विनियम (क) में विनिर्दिष्ट दरों पर या प्रतिनियुक्ति के समय बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट दरों पर, इनमें से जो भी उच्चतर हो, पेंशन संबंधी अंशदान का बैंक को संदाय करें ।

26. विशेष परिस्थितियों में अर्हक सेवा में परिवर्धन :- कोई भी कर्मचारी अधिवर्षिता पेंशन के लिए (किन्तु किसी अन्य वर्ग की पेंशन के लिए नहीं) अर्हित करने वाले अपने सेवा काल में अपनी सेवा की एक चौथाई से अनधिक या उतनी वास्तविक अवधि जितनी से, भर्ती के समय सीधी भर्ती हेतु बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट उच्चतर आयु सीमा से उसकी आयु अधिक थी या पाँच वर्ष की अवधि की, इनमें से जो भी कम हो, वृद्धि करने का पात्र होगा किन्तु यह तब तक जबकि वह सेवा या पद, जिसपर कर्मचारी को नियुक्त किया गया है, निम्नलिखित में से एक है -

क) जिसके लिए कि स्नातकोत्तर अनुसंधान या विशेषज्ञ अर्हताएँ या वैज्ञानिक प्रौद्योगिक या वृत्तिक क्षेत्रों में अनुभव आवश्यक है, और

ख) जिस पर सीधी भर्ती हेतु बैंक द्वारा सामान्यतया विनिर्दिष्ट उच्चतर आयु सीमा से अधिक के अभ्यर्थी भर्ती किए जाते हैं ,

ग) जिस के लिए अभ्यर्थी को उसके पास उच्चतर अर्हताएँ और अनुभव होने के कारण बैंक द्वारा नियत अधिकतम आयु सीमा से ऊपर छूट दी गई हो ।

परंतु यह रियायत किसी कर्मचारी को तभी अनुज्ञेय होगी जबकि बैंक की सेवा छोड़ने के समय उसकी वास्तविक अर्हक सेवा कम से कम दस वर्ष की हो ।

परंतु यह भी कि किसी कर्मचारी को यह रियायत तभी अनुज्ञेय होगी जब उक्त सेवा या पद के संबंध में भर्ती नियमों में विशिष्ट रूप से यह उपबंध किया गया है कि इस सेवा या पद के लिए इस नियम का फायदा उपलब्ध है ।

परंतु यह भी कि किसी सेवा या पद के संबंध में भर्ती नियम, जिनमें इस विनियम के फायदे उपलब्ध होंगे केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से बनाए जाएँगे ।

27. स्थाई अंशकालिक आधार पर की गई सेवा की गणना :-

(1) ऐसे कर्मचारी के मामले में जो कि मज़दूरी मान पर नियुक्त था और स्थाई अंशकालिक आधार पर बैंक की सेवा में नियोजित था और भविष्य निधि में अंशदान कर रहा था, उसके द्वारा स्थाई अंशकालिक आधार पर की गई ऐसी सेवा की गणना भविष्य निधि का सदस्य बनने की तारीख से अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी ।

(2) पेंशन की रकम की संगणना के प्रयोजन के लिए उप-विनियम (1) में उल्लिखित कर्मचारी की अर्हक सेवा परिशिष्ट 4 के अनुसार अवधारित की जाएगी ।

अध्याय 5

पेंशन के वर्ग

28. अधिवर्षिता पेंशन :- अधिवर्षिता पेंशन ऐसे कर्मचारी को प्रदान की जाएगी जो सेवा विनियमों या समझौतों में विनिर्दिष्ट आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हुआ है ।

29. स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर पेंशन:

(1) पहली नवंबर, 1993 को या उसके पश्चात कर्मचारी के बीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात किसी भी समय वह नियुक्ति प्राधिकारी को कम से कम तीन मास की लिखित सूचना देकर सेवा निवृत्त हो सकेगा,

परंतु यह उप विनियम प्रतिनियुक्ति पर या विदेश में अध्ययन हेतु छुट्टी पर गए कर्मचारी को तब तक लागू नहीं होगा जब तक कि वह स्थानांतरित होने पर या भारत लौटने पर भारत में सम पद का कार्यभार पुन: ग्रहण नहीं कर लेता और कम से कम एक वर्ष की सेवा पूरी नहीं कर लेता है,
परंतु यह भी कि यह उप-विनियम ऐसे कर्मचारी को लागू नहीं होगा जो ऐसे किसी स्वशासी निकाय या सरकारी क्षेत्र के उपक्रम या कंपनी या संस्था या निकाय में , चाहे वह निगमित हो या नहीं, में स्थाई रूप से आमेलित होने के लिए सेवा निवृत्ति माँगते समय प्रतिनियुक्ति पर है, परंतु यह उप विनियम उस कर्मचारी को लागू नहीं होगा जो विनियम 2 के खण्ड (1) के अनुसार समझा गया है ।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन दी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की सूचना के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी,

परंतु यदि नियुक्ति प्राधिकारी उक्त सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पहले सेवानिवृत्त के लिए अनुज्ञा देने से इन्कार नहीं करता है तो सेवा निवृत्त उक्त अवधि की समाप्ति की तारीख से प्रभावी हो जाएगी ।

3. (क) उप विनियम (1) में निर्दिष्ट कर्मचारी नियुक्ति प्राधिकारी को यह कारण बताते हुए लिखित अनुरोध कर सकेगा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए तीन मास से कम की सूचना स्वीकार कर ली जाए,

(ख) खण्ड (क) के अधीन अनुरोध प्राप्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी, उप विनियम (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए भी गुणावगुण के आधार पर सूचना की तीन महीने की अवधि में कमी करने के अनुरोध पर विचार कर सकेगा और यदि वह इस बात से संतुष्ट है कि सूचना की अवधि में कमी करने से से कोई प्रशासनिक असुविधा पैदा नहीं होगी तो नियुक्ति प्राधिकारी इस शर्त पर तीन महीने की सूचना संबंधी अपेक्षा को शिथिल कर सकेगा कि कर्मचारी सूचना के तीन महीने समाप्त होने से पहले अपनी पेंशन के किसी भाग के संराशीकरण के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा ।

(4) ऐसे कर्मचारी को, जिसने इस विनियम के अधीन सेवानिवृत्त होने का निर्वाचन किया है और इस संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी को आवश्यक सूचना दी है, ऐसे अधिकारी के विशिष्ट अनुमोदन के बिना अपनी सूचना वापस नहीं ले सकेगा।

परंतु यह कि सूचना वापस लेने के लिए अनुरोध सेवानिवृत्त की आशयित तारीख से पहले किया जाएगा।

(5) इस विनियम के अधीन स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारी की अर्हक सेवा इस शर्त के अधीन रहते हुए अधिकतम पाँच वर्ष से अनधिक अवधि के लिए बढ़ाई जाएगी कि उस कर्मचारी द्वारा की गई कुल अर्हक सेवा किसी भी दशा में तैंतीस वर्ष से अधिक नहीं होगी और इससे यह अधिवर्षिता की तारीख से आगे नहीं जाएगी ।

(6) इस विनियम के अधीन सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारी की पेंशन इन विनियमों के विनियम 2 के खण्ड (घ) के अधीन यथापरिभाषित औसत परिलब्धियों पर आधारित होगी और वृद्धि से, जो कि उसकी अर्हक सेवा में पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी, वह अपनी पेंशन की संगणना के लिए वेतन के काल्पनिक नियतन का हकदार नहीं होगा ।

30. अशक्त पेंशन:

(1) ऐसे कर्मचारी को अशक्त पेंशन प्रदान की जा सकेगी,

(क) जिसने न्यूनतम दस वर्ष की सेवा की है, और

(ख) जो पहली नवंबर 1993 को या उसके पश्चात जो किसी ऐसे शारीरिक या मानसिक शैथिल्य के कारण सेवानिवृत्त हुआ है जिसने उसे सेवा के लिए स्थाई रूप से असमर्थ बना दिया है ।

(2) अशक्त पेंशन के लिए आवेदन करनेवाला कर्मचारी बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया असमर्थता संबंधी डाक्टरी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा ।

(3) जहाँ बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी को उस पद से जिस पर वह कार्य कर रहा था, कम परिश्रम वाले कार्य पर आगे सेवा हेतु स्वस्थ घोषित कर देता है तो यदि वह कार्य करना चाहता हो तो, उसे निम्नतर पद पर सेवा में रखा जा सकता है और यदि वह निम्नतर पद पर रखने का कोई साधन नहीं है तो उसे अशक्त पेंशन प्रदान की जा सकती है ।

(4) सेवा हेतु अक्षमता का चिकित्सा प्रमाण पत्र तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि आवेदक इस आशय का पत्र प्रस्तुत नहीं करता है कि सक्षम प्राधिकारी को इस बात की जानकारी है कि आवेदक बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना चाहता है ।

(5) सक्षम प्राधिकारी बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी को जिस बैंक में आवेदक नियोजित है उसके अभिलेख से प्रकट होनेवाली आवेदक की आयु की जानकारी देगा ।

31. अनुकंपा भत्ता:

(1) ऐसे कर्मचारी की, जिसे सेवा से पदच्युत किया जाता है या हटाया जाता है या जिसकी सेवा समाप्त की जाती है, पेंशन समयहृत हो जाएगी :

परन्तु पदच्युत करने या सेवा से हटाने या सेवा समाप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी, यदि-

(i) ऐसी पदच्युति, सेवा से हटाया जाना या सेवा समाप्ति 1 नवंबर 1993 को या उसके पश्चात की गई है, और

(ii)मामला विशेष रूप से विचार किए जाने के योग्य है तो, ऐसी पेंशन की दो तिहाई से अनधिक अनुकंपा भत्ता मंजूर कर सकेगा, जो उसकी पदच्युति, सेवा से हटाए जाने या सेवा समाप्त करने की तारीख तक की गई सेवा के आधार पर उसे अनुज्ञेय होती ।

(2) उप विनियम (1) के परंतुक के अधीन स्वीकृत अनुकंपा भत्ता इन विनियमों के विनियम 36 के अधीन संदेय न्यूनतम पेंशन की रकम से कम नहीं होगा ।

32. समयपूर्व सेवानिवृत्ति : समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन उन कर्मचारियों को दी जाएगी जो,

(क) न्यूनतम दस वर्ष की सेवा कर चुका हो,

(ख) लोकहित में समयपूर्व सेवानिवृत्त होने के बैंक के आदेश के कारण या सेवा विनियमों या समझौते में विनिर्दिष्ट किसी अन्य कारण से सेवानिवृत्त होता है, और जो अन्यथा अधिवर्षिता की उस तारीख पर पेंशन के लिए पात्र होता ।

33. अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन :

(1) पहली नवंबर 1993 को या उसके पश्चात अनुशासन एवं अपील विनियमन या समझौते के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी द्वारा ऐसी शास्ति दिए जाने पर सेवा से शास्ति के रूप में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किए गए कर्मचारी को उस दर से पेंशन दी जा सकती है जो उसे देय पेंशन के दो तिहाई से कम न हो और उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को उसे स्वीकृत उस पूरी पेंशन से अधिक न हो, यदि वह अन्यथा अधिवर्षिता की तारीख को ऐसी पेंशन का पात्र होता ।

(2) जब भी किसी बैंक कर्मचारी की दशा में सक्षम प्राधिकारी कोई आदेश पारित करता है (चाहे वह आरंभिक, अपील या पुनर्विलोकन की शक्ति का प्रयोग करते हुए हो) जिसमें इन विनियमों के अधीन स्वीकृत पूर्ण प्रतिकर पेंशन से कम पेंशन दी गई है, तो ऐसा आदेश पारित करने से पहले निदेशक बोर्ड से परामर्श किया जाएगा ।

(3) यथास्थिति, उप विनियम (1) या उप विनियम (2) के अधीन, दी गई या प्रदान की गई पेंशन प्रतिमास तीन सौ पचहत्तर रुपए की रकम से कम नहीं होगी ।

34. 01.01.1986 से 31.10.1993 के बीच सेवानिवृत्त या मृत कर्मचारियों के संबंध में पेंशन या कुटुम्ब पेंशन का संदाय:-

(1) 1 जनवरी, 1986 और 31 अक्तूबर, 1993 के बीच बैंक की सेवा से निवृत्त होनेवाले कर्मचारी 1 नवंबर 1993 से पेंशन के लिए पात्र होंगे ।

(2) विनियम 3 के उप-विनियम (7) में अंतर्विष्ट उपबंधों द्वारा शासित मृत कर्मचारी का कुटुम्ब 1 नवंबर, 1993 से पेंशन का पात्र होगा ।

अध्याय 6

पेंशन की दर

35. पेंशन की रकम:-

(1) 1 जनवरी, 1986 को या उसके पश्चात किंतु 31 अक्तूबर 1987 के पूर्व सेवाकनिवृत्त कर्मचारियों के संबंध में मूल पेंशन और अतिरिक्त पेंशन को परिशिष्ट 1 में दिए गए सूत्र के अनुसार अद्यतन किया जाएगा ।

(2) तैंतीस वर्ष से अन्यून अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात सेवा विनियमों या समझौते के उपबंधों के अधीन सेवानिवृत्तहोनेवाले कर्मचारी के मामले में मूल पेंशन की रकम की संगणना औसत परिलब्धियों के पचास प्रतिशत पर की जाएगी ।

(3) (क) अतिरिक्त पेंशन, कर्मचारी द्वारा अपनी सेवा के अंकतम दस मास के दौरान प्राप्त किए गए भत्तों की राशि की पचास प्रतिशत होगी,

(ख) अतिरिक्त पेंशन की रकम पर कोई महंगाई राहत नहीं दी जाएगी ।

स्पष्टीकरण:- इस उप विनियम के प्रयोजन के लिए भत्तों से वे भत्ते अभिप्रेत हैं जो भविष्य निधि में अंशदान के लिए जिस विस्तार तक गणना की जाती है उसतक अनुज्ञेय है ।

(4) उपर्युक्त उप विनियम (2) और उप विनियम (3) के रूप में परिकलित पेंशन इन विनियमों में विनिर्दिष्ट न्यूनतम पेंशन के अधीन रहते हुए होगी ।

(5) ऐसे कर्मचारी को जिसने इन विनियमों के विनियम 41 के उपबंधों के अनुसारअपनी पेंशन के अनुज्ञेय भाग का संराशीकरण करवाया है, प्रत्येक मास पेंशन का केवल अतिशेष ही प्राप्त होगा ।

(6) (क) तैंतीस वर्षों की अर्हक सेवा पूरी करने से पहले किंतु दस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के मामले में पेंशन की रकम उप विनियम (2) और (3) के अधीन अनुज्ञेय पेंशन की रकम के अनुपात में होगी और किसी भी दशा में पेंशन की रकम इन विनियमों में विनिर्दिष्ट न्यूनतम पेंशन की रकम से कम नहीं होगी ।

IndiaCode

(ख) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, अशक्त पेंशन की रकम, कुटुम्ब पेंशन की उस सामान्य दर से कम नहीं होगी , जो सेवाकाल में कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके कुटुम्ब को संदेय होती ।

(7) इस विनियम के अधीन अंतिम रूप से अवधारित पेंशन की रकम पूर्ण रुपए में व्यक्त की जाएगी और यदि पेंशन में रुपए का कोई भाग हो तो इसे अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा ।

36. न्यूनतम पेंशन :- न्यूनतम पेंशन की रकम इस प्रकार होगी -

(क) पहली नवम्बर, 1993 से पहले अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न सेवानिवृत्त कर्मचारी की दशा में तीन सौ पचहत्तर रुपये प्रति मास, और

(ख) पहली नवम्बर, 1993 से पहले सेवानिवृत्त हुए अंशकालिक कर्मचारी की दशा में एक सौ पचीस रुपए प्रतिमास,

(ग) पहली नवम्बर ,1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होनेवाले अंशकालिक कर्मचारी सेभिन्न कर्मचारी की दशा में सात सौ बीस रुपए प्रतिमास, और

(घ) पहली नवम्बर, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले अंसकालिक कर्मचारी की दशा में दो सौ चालीस रुपये प्रति मास

37. महंगाई राहत:-

(1) मूल पेंशन या कुटुम्ब पेंशन या अशक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता पर महंगाई राहत परिशिष्ट II में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार मंजूर की जाएगी ।

(2) महंगाई राहत, संराशीकरण के पश्चात भी, पूर्ण मूल पेंशन पर अनुज्ञात की जाएगी ।

38. औसत परिलब्धियों के लिए दस मास की अवधि का अवधारणा:-

(1) औसत परिलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस माह की अवधि की गणना सेवानिवृत्ति की तारीख से की जाएगी ।

(2) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या समयपूर्व सेवानिवृत्ति के मामले में , औसत परिलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस मास की अवधि की गणना उस तारीख से की जाएगी जिसको कर्मचारी स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त हुआ है या बैंक द्वारा समयपूर्व सेवानिवृत्त किया गया है ।

(3) पदच्युति या सेवा से हटाए जाने या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त या सेवा समाप्ति के मामले में औसत परिलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस माह की अवधि की गणना बैंक से कर्मचारी की पदच्युति या सेवा से हटाए जाने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा समाप्ति की तारीख से की जाएगी ।

(4) यदि सेवा के अंतिम दस माह के दौरान कर्मचारी बिना वेतन असाधारण छुट्टी पर ड्यूटी से अनुपस्थित रहा है या निलंबित रहा है और उस अवधि की गणना सेवा के रूप में नहीं की गई है तो औसत परिलब्धियों की गणना करते समय असाधारण छुट्टी या निलंबन की उक्त अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा और दस मास से पहले की उतनी ही अवधि उसमें सम्मिलित कर ली जाएगी ।

IndiaCode

अध्याय 7

कुटुम्ब पेंशन

39. कुटुम्ब पेंशन :

(1) इन विनियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यदि कर्मचारी की मृत्यु -

(क) एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी होने के पश्चात होती है, या

(ख) एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी होने से पहले होती है, परंतु संबंधित कर्मचारी की सेवा में या पद पर नियुक्ति होने से ठीक पहले बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा जाँच की गई थी और उसे बैंक में नियोजन के लिए उपयुक्त घोषित किया गया था, या

(ग) सेवा निवृत्ति के पश्चात और वह मृत्यु की तारीख को पेंशन या अनुकंपा भत्ता पा रहा था,
तो मृत कर्मचारी का कुटुम्ब, कुटुम्ब पेंशन का हकदार होगा, जिसकी रकम का अवधारण परिशिष्ट III के अनुसार किया जाएगा ।

(2) कुटुम्ब पेंशन की रकम मासिक दरों पर नियत की जाएगी और पूर्ण रुपए में व्यक्त की जाएगी और जहाँ कुटुम्ब पेंशन में रुपए का कोई भाग है, तो इसे अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा,

परंतु किसी भी दशा में कुटुम्ब पेंशन इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट अधिकतम पेंशन से अधिक नहीं होगी ।

(3) (क) (i) जहाँ किसी कर्मचारी की जो कि कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8) से शासित नहीं होता है, कम से कम सात वर्ष की निरंतर सेवा करने के पश्चात सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है तो कुटुम्ब पेंशन की दर अंतिम आहरित वेतन के पचास प्रतिशत या उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन के दुगुने के, इनमें से जो भी कम हो, बराबर होगी और इस प्रकार अनुज्ञेय रकम कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के ठीक बाद की तारीख से सात वर्ष की अवधि के लिए या उस तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जिस तारीख को मृत कर्मचारी यदि वह जीवित रहा होता तो पैंसठ वर्ष की आयु का हो जाता, इनमें से जो भी कम हो, संदेय होगी ।

(ii) सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारी की मृत्यु की दशा में, इस उप विनियम के खण्ड (क) या खंड (ख) के अधीन यथा अवधारित कुटुम्ब पेंशन कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के ठीक बाद की तारीख के सात
वर्ष के लिए या उस तारीख को समाप्त होनेवाली अवधि के लिए जिस तारीख को सेवानिवृत्त मृत कर्मचारी, यदि वह जीवित रहा होता तो पैंसठ वर्ष की आयु का हो जाता, इनमें से जो भी कम हो, संदेय होगी ।

(ख) (i) जहाँ किसी कर्मचारी कि जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम, 1923 (1923 का 8) से शासित होता है, सात वर्ष से अन्यून की निरंतर सेवा करने के पश्चात सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है तो कुटुम्ब पेंशन की दर अंतिम आहरित वेतन के पचास प्रतिशत या उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञात कुटुम्ब पेंशन के डेढ़ गुने के, इनमे से जो भी कम हो, के बराबर होगी ।

(ii) उप खंड (i) के अधीन इस प्रकार अवधारित कुटुम्ब पेंशन खंड (क) में उल्लिखित अवधि के लिए संदेय होगी,

(ग) खंड (क) में निर्दिष्ट अवधि समाप्त होने के पश्चात वह कुटुम्ब, जिसे उस खंड या खंड (ख) के अधीन कुटुम्ब पेंशन मिल रही है, उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञेय दर पर कुटुम्ब पेंशन का हकदार होगा ।

(4) इन विनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी मृत कर्मचारी का कुटुम्ब विनियम 3 के उप विनियम (5) के अनुसार पेंशन के विकल्प का प्रयोग या विनियम 3 के उप विनियम (6) या (7) या (8) में अंतर्विष्ट उपबंधों द्वारा शासित होता है, तो मृत कर्मचारी का ऐसा कुटुम्ब इन विनियमों के अधीन पेंशन का पात्र होगा ।

40. कुटुंब पेंशन के संदाय की अवधि :

(1) जिस अवधि के लिए कुटुंब पेंशन संदेय होगा, वह अवधि होगी,

(क) विधवा या विधुर की दशा में, मृत्यु या पुनर्विवाह की तारीख तक, इनमें से जो भी पहले हो,

(ख) पुत्र की दशा में, जब तक कि वह पच्चीस वर्ष की आयु का नहीं हो जाता और

(ग) अविवाहित पुत्री की दशा में जब तक कि वह पच्चीस वर्ष की आयु की नहीं हो जाती या जब तक कि उसका विवाह नहीं हो जाता, इनमें से जो भी पहले हो, होगी ।

परंतु यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री किसी मानसिक विकार या अशक्तता से पीड़ित है या शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त है, जिससे कि वह पच्चीस वर्ष की आयु का होने के बाद भी जाविकोपार्जन में असमर्थ है तो ऐसे पुत्र या पुत्री को आजीवन कुटुंब पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए संदेय होगी, अर्थात :

(i) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री कर्मचारी के दो या अधिक संतान में से एक है तो आरंभ में कुटुंब पेंशन का संदाय उप विनियम (1) के खण्ड (ङ) में निर्धारित क्रम में अवयस्क संतानों को किया जाएगा जब तक कि अंतिम अवयस्क संतान पच्चीस वर्ष की आयु की नहीं हो जाती और तत्पश्चात् कुटुंब पेंशन, मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त अथवा शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त पुत्र या पुत्री के पक्ष में पुनः प्रारंभ की जाएगी और उसे आजीवन संदेय होगी,

(ii) यदि मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त एक से अधिक संतानें हैं तो उनकी जन्म की तारीख के क्रम में पेंशन का संदाय किया जाएगा और उनमें से कनिष्ट संतान को कुटुंब पेंशन तभी मिलेगी जब उससे ठीक ज्येष्ठ संतान की पात्रता समाप्त हो जाती है ।

परंतु जहाँ कुटुंब पेंशन ऐसी जुड़वाँ संतान को संदेय है, वहाँ इसका संदाय उप विनियम (1) के खण्ड (घ) में दी गई रीति से किया जाएगा ।

(iii) उस दशा के सिवाय जिसमें शारीरिक रूप से विकलांग पुत्र या पुत्री वयस्क है, ऐसे पुत्र या पुत्री को संरक्षक के माध्यम से कुटुंब पेंशन का संदाय किया जाएगा मानो वह अवयस्क हो ।

(iv) ऐसे पुत्र या पुत्री को आजीवन कुटुंब पेंशन मंजूर करने से पहले सक्षम प्राधिकारी अपना यह समाधान कर लेगा कि विकलांगता की प्रकृति ऐसी है कि वह अपनी जीविका उपार्जित करने में असमर्थ है और इसके लिए बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र होगा, जिसमें संतान की सही शारीरिक या मानसिक स्थिति, यथासंभव, बताई गई होगी ।

(v) ऐसे पुत्र या पुत्री के संरक्षक के रूप में कुटुंब पेंशन प्राप्त करनेवाला व्यक्ति या बिना संरक्षक के माध्यम के कुटुंब पेंशन लेनेवाला पुत्र या पुत्री प्रत्येक तीसरे वर्ष बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा कि वह अब भी मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त है या अब भी शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त है ।

स्पष्टीकरण : इस विनियम में विनिर्दिष्ट आयु सीमा से अधिक की अशक्त संतानों को कुटुंब पेंशन की मंजूरी निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी अर्थात्,

(i) पुत्री का विवाह हो जाने पर वह विवाह होने की तारीख से इस उप विनियम के अधीन कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र हो जाएगी ।

(ii) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री अपनी जीविका उपार्जित करने लग जाता या जाती है तो उसे संदेय कुटुंब पेंशन बंद कर दी जाएगी । ऐसे मामलो में संरक्षक या पुत्र या पुत्री का यह कर्तव्य होगा कि वह प्रत्येक मास बैंक को यह प्रमाण-पत्र दे कि -

(अ) उसने जीविकोपार्जन करना आरंभ नहीं किया है ।

(आ) पुत्री की दशा में उसका अभी विवाह नहीं हुआ है ।

(घ) यदि मृत कर्मचारी या पेंशनभोगी अपनी विधवा या विधुर को छोड़ जाता है तो कुटुंब पेंशन विधवा या विधुर को संदेय होगी और उनके न होने पर पात्र संतान को देय होगी ।

(ङ) संतान को कुटुंब पेंशन उनके जन्म की तारीख के क्रम में संदेय होगी और कनिष्ठतर संतान तब तक कुटुंब पेंशन के लिए पात्र नहीं होगी जब तक कि उससे ज्येष्ठतर संतान कुटुंब पेंशन पाने के लिए अपात्र नहीं हो जाती ।

परंतु जहाँ कुटुंब पेंशन का संदाय जुड़वाँ को किया जाता है, वहाँ इसका संदाय उप विनियम (1) के खण्ड (घ) में वर्णित रीति से किया जाएगा ।

(च) जहाँ कुटुम्ब पेंशन का संदाय जुड़वां संतान को किया जाना है वहाँ ऐसी संतानों को उसका संदाय समान भागों में किया जाएगा -

परंतु जहाँ इस प्रकार की किसी एक संतान की पात्रता नहीं रहती है वहाँ उसका भाग दूसरी संतान को दे दिया जाएगा और जहाँ दोनों संतानों की पात्रता नहीं रहती है वहाँ कुटुम्ब पेंशन यथास्थिति, अगली पात्रता संतान या जुड़वां संतान को दी जाएगी ।

(2) जब मृत कर्मचारी या पेंशन भोगी एक से अधिक संतान छोड़ जाता है तो ज्येष्ठतम पात्र संतान उप विनियम (1) के , यथास्थिति, खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में दी गई अवधि के लिए कुटुम्ब पेंशन की हकदार होगी और उस अवधि की समाप्ति होने पर उससे ठीक कनिष्ठ संतान कुटुम्ब पेंशन की मंजूरी के लिए पात्र होगी ।

(3) जहाँ कुटुंब पेंशन इस विनियम के अधीन अवयस्क को मंजूर की जाती है वहाँ अवयस्क के विभिन्न संरक्षक को संदेय होगी ।

(4) उस दशा में जब पति और पत्नी दोनों बैंक के कर्मचारी हैं और इस विनियम के उपबंधों द्वारा शासित हैं और उनमें से एक की मृत्यु सेवाकाल में या सेवानिवृत्ति के पश्चात हो जाती है तो मृत कर्मचारी की बाबत कुटुंब पेंशन, यथा-स्थिति, उत्तरजीवी पति या पत्नी को संदेय होगी और पति या पत्नी की मृत्यु होने पर मृत माता पिता के संबंध में उत्तरजीवी संतान या संतानों को दो कुटुंब पेंशनों की मंजूरी नीचे विनिर्दिष्ट सीमाओं के अधीन रहते हुए की जाएगी , अर्थात् :

(क) यदि उत्तरजीवी संतान या संतानें विनियम 39 के उप विनियम (3) के खण्ड (क) के उप खण्ड (i) के खण्ड (ख) या उप खण्ड (i) में उल्लिखित दरों पर दी कुटुंब पेंशनों को पाने के पात्र हैं तो ऐसे कर्मचारियों की बाबत जो पहली नवंबर , 1993 के पहले सेवानिवृत्त हो गया है या सेवाकाल में जिसकी मृत्यु हो गई है दोनों पेंशनों की रकम दो हज़ार पाँच सौ रुपये प्रति मास तक सीमित होगी और ऐसे कर्मचारियों की बाबत जो पहली नवंबर 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गये या उनकी मृत्यु हो गई है, दोनों पेंशनों की रकम केवल चार हज़ार आठ सौ रुपये प्रति माह तक सीमित होगी ।

(ख) यदि दोनों पेंशनों विनियम 39 के उप विनियम (3) के खण्ड (क) के उप खण्ड (i) में या खण्ड (ख) या उप खण्ड (i) में उल्लिखित दरों पर देय कुटुंब पेंशन में से एक मिलना बंद हो जाती है और उसके स्थान पर विनियम 39 के उप विनियम (i) में उल्लिखित दरों पर कुटुंब पेंशन संदेय हो जाती है तो उस कर्मचारी की बाबत जो पहली नवंबर 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया था या सेवाकाल में उसकी मृत्यु हो गई थी , दोनों पेंशनों की रकम दो हज़ार पाँच रुपये प्रति मास तक सीमित होगी और ऐसे कर्मचारी की बाबत जो पहली नवंबर 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो गया है या जिसकी मृत्यु हो गई है, यह रकम चार हज़ार आठ सौ रुपये प्रति मास तक सीमित होगी ।

(ग) यदि दोनों कुटुंब पेंशन विनियम 39 के उप विनियम (i) में उल्लिखित दर पर संदेय है तो कर्मचारी के पहली नवंबर 1993 के पूर्व सेवानिवृत्त होने या सेवाकाल में उसकी मृत्यु होने की दशा में पेंशन की रकम एक हज़ार दो सौ पचास रुपये प्रति मास तक सीमित होगी और उस कर्मचारी की बाबत जो पहली नवंबर 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होने या सेवाकाल में जिसकी मृत्यु हो जाती है कुटुंब पेंशन की रकम दो हज़ार चार सौ रुपये प्रति मास तक सीमित होगी ।

(5) (क) जहाँ कुटुंब पेंशन एक से अधिक विधवाओं को संदेय है वहाँ कुटुंब पेंशन का सभी विधवाओं को समान भागों में संदाय किया जाएगा ।

(ख) किसी विधवा की मृत्यु होने पर उसके अंश की कुटुंब पेंशन उसकी पात्र संतान को संदेय होगी ।

परंतु यदि विधवा के कोई उत्तरजीवी संतान नहीं है तो उसके अंश की कुटुंब पेंशन व्यपगत नहीं होगी किंतु वह अन्य विधवाओं को समान भागों में संदेय होगी और यदि इस प्रकार की केवल एक ही विधवा जीवित रहती है तो पेंशन की संपूर्ण रकम उसे संदेय होगी ।

(ग) यदि मृत कर्मचारी या पेंशन भागी की उत्तरजीवी एक विधवा है किंतु उसकी दूसरी पत्नी से, जो जीवित नहीं है, उसके पात्र एक या अधिक संतान जीवित हैं, तो पात्र संतान कुटुंब पेंशन के उस अंश के लिए पात्र होंगे जो कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु के समय उस संतान या संतानों की माता को यदि वह जीवित होती तो मिलता ।

परंतु यह कि जब इस प्रकार की संतान या संतानों या विधवा या विधवाओं को कुटुंब पेंशन के अंश यह संदेय नहीं रहते हैं तब वह रकम व्यपगत नहीं होगी बल्कि वह दूसरी विधवा या विधवाओं को जो इसके लिए अन्यथा पात्र होंगी , समान भागों में संदेय होगी या यदि केवल एक ही विधवा या संतान हो तो उसे पूरी रकम संदेय होगी ।

(घ) जहाँ कुटुंब पेंशन जुड़वा संतानों को संदेय है वहाँ उसका संदाय उपर्युक्त उप विनियम (1) के खण्ड (च) में विनिर्दिष्ट रीति से किया जाएगा ।

(ङ) इस उप विनियम में यथा उपबंधित के सिवाय कुटुंब पेंशन एक समय में कुटुंब के एक से अधिक सदस्यों को संदेय नहीं होगी ।

(6) जहाँ कोई स्त्री कर्मचारी या पुरुष कर्मचारी न्यायिक रूप से पृथक जीवित पति या पत्नी पीछे छोड़ जाता है या जाती है और कोई संतान नहीं है वहाँ मृतक की बाबत कुटुंब पेंशन उत्तरजीवी को संदेय होगी ।

परंतु जहाँ न्यायिक पृथक्करण जारकर्म के आधार पर मंजूर किया जाता है और कर्मचारी की मृत्यु इस प्रकार के न्यायिक पृथक्करण के दौरान होती है , तो जारकर्म के लिए सिद्धदोष पाये गये उत्तरजीवी को कुटुंब पेंशन संदेय नहीं होगी ।

(7) (क) जहाँ किसी महिला या पुरुष कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है और वह अपने न्यायिक रूप से पृथक पति या विधवा छोड़ जाता या जाती है , जिसकी एक या अधिक संतान हैं वहाँ मृत कर्मचारी की बाबत संदेय कुटुंब पेंशन उत्तरजीवी को संदेय होगी परंतु जबकि वह ऐसी संतान का संरक्षक हो ।

(ख) जहाँ उत्तरजीवी व्यक्ति ऐसी संतान का संरक्षक नहीं रह गया है वहाँ कुटुंब पेंशन इस प्रकार की संतान के वास्तविक संरक्षक को संदेय होगी ।

(8) यदि कुटुंब पेंशन के लिए पात्र पुत्र या अविवाहित पुत्री अठारह वर्ष की हो जाती है तो कुटुंब पेंशन का संदाय सीधे ऐसे पुत्र या अविवाहित पुत्री को किया जाएगा ।

(9) (क) यदि कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु की दशा में इन विनियमों के अधीन कुटुम्ब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र किसी व्यक्ति पर उस कर्मचारी की हत्या करने का या ऐसे अपराध के दुष्प्रेरण का आरोप लगाया जाता है तो कुटुंब के अन्य पात्र सदस्य या सदस्यों सहित ऐसे व्यक्ति के कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के दावे को उसके विरुद्ध संस्थित दांडिक कार्यवाहियाँ समाप्त होने तक निलंबित रखा जाएगा ।

(ख) यदि खण्ड (क) में निर्दिष्ट दांडिक कार्यवाहियों के समाप्त होने पर संबद्ध व्यक्ति -

(i) कर्मचारी की हत्या करने या हत्या के दुष्प्रेरण के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है तो उसे कुटुंब पेंशन से विवर्जित कर दिया जाएगा और कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से कुटुंब पेंशन कुटुंब के अन्य पात्र सदस्यों को संदेय होगी ।

(ii) कर्मचारी की हत्या या हत्या के लिए दुष्प्रेरण के अपराध से दोषमुक्त किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति को बैंक कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से कुटुंब पेंशन संदेय होगी ।

(ग) उप खण्ड (ख) और (ख) के उपबंध किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के पश्चात उसकी मृत्यु पर संदेय होनेवाली कुटुंब पेंशन पर भी लागू होंगे ।

अध्याय 8

संराशीकरण

41. संराशीकरण:-

(1) कोई कर्मचारी एकमुश्त संदाय के लिए अपनी पेंशन के एक तिहाई भिन्न से अनधिक भाग के संराशीकरण का हकदार होगा ।

परंतु इन विनियमों के विनियम 3 के उप विनियम (5) द्वारा शासित किसी कर्मचारी की बाबत ऐसे कर्मचारी का कुटुम्ब भी, कर्मचारी को अनुज्ञात पेंशन के एकमुश्त संदाय के लिए एक तिहाई भाग से अनधिक भिन्न के संराशीकरण का हकदार होगा ।

(2) कर्मचारी यह उपदर्शित करेगा कि वह पेंशन के किस भिन्नांश को संराशीकरण के लिए निर्देशित करेगा, संराशीकरण के लिए या तो वह पेंशन की एक तिहाई भाग अर्थात अधिकतम सीमा को उपदर्शित कर सकता है अथवा इससे कम सीमा तक अपनी इच्छानुसार संराशीकरण करा सकता है ।

(3) यदि संराशीकरण के लिए पेंशन का भिन्न एक रुपये का अंश तो संराशीकरण के प्रयोजन के लिए इसे छोड़ दिया जाएगा ।

(4) किसी आवेदक को संदेय एकमुश्त रकम की संगणना नीचे दी गई सारणी के अनुसार की जाएगी :

सारणी

एक रुपया प्रति वर्ष की पेंशन के लिए संराशीकरण मूल्य

अगली जन्म तिथि पर आयु	वर्ष की क्रय संख्या के रूप में अभिव्यक्त संराशीकरण मूल्य	अगली जन्म तिथि पर आयु	वर्ष की क्रय संख्या के रूप में अभिव्यक्त संराशीकरण मूल्य
17	19.28	43	15.15
18	19.20	44	14.90
19	19.11	45	14.64
20	19.01	46	14.37
21	18.91	47	14.10
22	18.81	48	13.82
23	18.70	49	13.54
24	18.59	50	13.25
25	18.57	51	12.95
26	18.34	52	12.66
27	18.21	53	12.35
28	18.07	54	12.05
29	17.92	55	11.70
30	17.78	56	11.42
31	17.62	57	11.10
32	17.46	58	10.78
33	17.29	59	10.46
34	17.11	60	10.13
35	16.92	61	9.81
36	16.72	62	9.48
37	16.52	63	9.15
38	16.31	64	8.82
39	16.09	65	8.50
40	15.87	66	8.17
41	15.64	67	7.85
42	15.40	68	7.53
		69	7.22

IndiaCode

70	6.91	78	4.65
71	6.60	79	4.40
72	6.30	80	4.17
73	6.01	81	3.94
74	5.72	82	3.72
75	5.44	83	3.52
76	5.17	84	3.32
77	4.90	85	3.13

टिप्पणी :

(1) उपर्युक्त सारणी पेंशनभोगी की अगली जन्म तिथि पर उसकी आयु के संदर्भ में वर्ष की क्रय संख्या के रूप में अभिव्यक्त पेंशन संराशीकरण मूल्य दर्शाती है । अट्ठावन वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारी के मामले में संराशीकृत मूल्य 10.46 वर्ष का क्रय है, और यदि वह अपनी सेया निवृत्ति से एक वर्ष के भीतर अपनी मासिक पेंशन से रुपये एक सौ संराशित करता है , तो उसे संदेय एकमुश्त राशि रु.100 X 10.46 X 12 = 12,552 होगी ।

(2) कोई कर्मचारी जिसने अपनी पेंशन के अनुज्ञात भाग का संराशीकरण किया है, संराशीकरण की तारीख से 15 वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात संराशीकृत भाग की पेंशन को पुनः प्राप्त करने का हकदार होगा ।

(3) कोई आवेदक जो अधिवर्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन , समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन , अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन, अशक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता के लिए प्राधिकृत है , इन विनियमों के अधीन अपनी पेंशन के भिन्न का संराशीकरण कराने का हकदार होगा ।

(4) ऐसे पेंशनभागी की दशा में जो अधिवर्षिता पेंशन या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन का पात्र है, कोई चिकित्सीय जाँच आवश्यक नहीं होगी, यदि आवेदक संराशीकरण के लिए आवेदन सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर देता है , तो यदि ऐसा पेंशनभोगी सेवानिवृत्ति से एक वर्ष के पश्चात पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है , तो उसकी अनुमति चिकित्सीय परीक्षा के अधीन होगी ।

स्पष्टीकरण - कोई आवेदक जो -

(i) इन विनियमों के विनियम 30 के अधीन अशक्तता पेंशन पर सेवानिवृत्त होता है, या

(ii) इन विनियमों के विनियम 31 के अधीन अनुकंपा भत्ता प्राप्त करता है, या

(iii) बैंक द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया है और विनियम 33 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन पाने का पात्र है

उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए पेंशन किसी भिन्न संराशीकरण के लिए पात्र तभी होगा जब बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसे स्वस्थ घोषित कर दिया जाए ।

(5) ऐसे किसी कर्मचारी की दशा में -

(क) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर सेवानिवृत्ति होकर सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है, पेंशन का संराशीकरण सेवानिवृत्ति की तारीख के ठीक बाद की तारीख को आत्यंतिक होगा।

परंतु यह कि विनियम 29 उप विनियम (3) द्वारा शासित कर्मचारी अपनी पेंशन के किसी भाग के संराशीकरण के लिए 3 मास की सूचना की अवधि समाप्त होने के पूर्व आवेदन नहीं करेगा और पेंशन का संराशीकरण विनियम 29 उप विनियम (1) में दी गई सूचना की अवधि के समाप्त होने के पश्चात ही आत्यंतिक होगा ।

(ख) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर या सेवानिवृत्त होकर या समयपूर्व सेवानिवृत्त होकर सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात किंतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर यदि वह पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है तो पेंशन का संराशीकरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा संराशीकरण के लिए आवेदन प्राप्त किए जाने की तारीख को आत्यंतिक होगा ।

(ग) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर सेवानिवृत्त होकर या समयपूर्व सेवानिवृत्त होकर यदि वह सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के बाद संराशीकरण के लिए आवेदन करता है तो पेंशन का संराशीकरण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सीय प्रमाण पत्र की तारीख को आत्यंतिक होगा ।

(घ) जो पहली नवंबर, 1993 के पहले सेवानिवृत्त हो चुका है और जो इन विनियमों के अधीन शासित होने के विकल्प का प्रयोग करता है, यदि विनियम (3) के उप विनियम (1) खण्ड के (ख) द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर संराशीकरण के लिए आवेदन करता है तो पेंशन का संराशीकरण पहली नवंबर , 1993 से आत्यंतिक होगा ।

(ङ) जो पहली नवंबर , 1993 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में था किंतु जो इन विनियमों के प्रकाशन के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया है , यदि विनियम 3 के उप विनियम (2) खण्ड के (ख) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर आवेदन करता है तो पेंशन का संराशीकरण उसके सेवानिवृत्त होने की तारीख के ठीक बाद के दिन आत्यंतिक होगा ।

(च) जो पहली नवंबर , 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होता है किंतु अधिसूचित तारीख से पूर्व जिसकी मृत्यु हो जाती है, यदि मृत कर्मचारी के कुटुम्ब द्वारा विनियम 3 के उप विनियम (5) के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर संराशीकरण के लिए आवेदन किया गया है तो पेंशन का संराशीकरण उसके सेवानिवृत्त होने की तारीख के ठीक बाद के दिन आत्यंतिक होगा ।

(छ) जिसकी बाबत विनियम 30 के अधीन अशक्त पेंशन या विनियम 31 के अधीन अनुकंपा भत्ता या विनियम 33 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन अनुज्ञेय है , पेंशन का संराशीकरण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाण पत्र की तारीख को आत्यंतिक होगा ।

अध्याय 9
सामान्य शर्तें

42. पेंशन का भावी सदाचरण के अधीन होना :- इन विनियमों के अधीन पेंशन की प्रत्येक मंजूरी और उसके निरंतर दिये जाने की एक विवक्षित शर्त यह होगी कि भविष्य में सदाचरण बना रहे ।

IndiaCode

43. पेंशन रोकना या प्रत्याहृत करना :- यदि कोई पेंशनभोगी किसी गंभीर अपराध या आपराधिक न्यासभंग या कूटरचना या कपटपूर्ण कार्य करने के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है या किसी गंभीर अवचार का दोषी पाया गया है तो सक्षम प्राधिकारी, पेंशन या उसके किसी भाग को, लिखित आदेश द्वारा, स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रोक सकेगा या प्रत्याहृत कर सकेगा ।

परन्तु यह कि जहाँ पेंशन का कोई भाग रोक लिया जाता है या प्रत्याहृत कर लिया जाता है, वहाँ ऐसी पेंशन की रकम इतनी कम नहीं की जाएगी कि यह इन विनियमों के अधीन संदेय न्यूनतम पेंशन की रकम से कम हो जाए ।

44. न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि :- जहाँ कोई पेंशनभोगी किसी न्यायालय द्वारा किसी गंभीर अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया है, वहाँ कार्रवाई न्यायालय की ऐसी दोषसिद्धि से संबंधित निर्णय का ध्यान में रखकर की जाएगी ।

45. गंभीर अवचार के लिए दोषी पेंशनभोगी :—किसी ऐसे मामले में जो विनियम 44 के अन्तर्गत नहीं आता है, यदि सक्षम प्राधिकारी का यह विचार है कि पेंशनभोगी गंभीर अवचार का प्रथमदृष्टया दोषी है तो कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व, यथास्थिति, वह विजया बैंक अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियमन, 1981 या समझौते में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करेगा ।

46. अनंतिम पेंशन :-

(1) यदि कोई ऐसा कर्मधारी या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर या अन्यथा सेवानिवृत्त हुआ है और जिसके विरुद्ध कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियाँ संस्थित की गई हैं या जहाँ विभागीय कार्यवाहियाँ चल रही हैं, वहाँ उसको दी जा सकनेवाली अधिकतम पेंशन के बराबर अनंतिम पेंशन की अनुमति उसे, कार्यवाहियों के समाप्त होने पर अनुज्ञात किये जानेवाले सेवानिवृत्त फ़ायदों के समायोजन के अधीन दी जाएगी किन्तु यदि अंतिम रूप से मंजूर पेंशन, अनंतिम पेंशन से कम है या पेंशन को स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए कम कर दिया गया है या रोक लिया गया है तो कोई वसूली नहीं की जाएगी ।

(2) ऐसे मामलों में कर्मचारी को उपदान का संदाय तब तक नहीं किया जाएगा जब तक उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाहियाँ समाप्त नहीं हो जाती हैं । उप दान का संदाय कार्यवाहियों के समाप्त हो जाने पर कार्यवाहियों के निर्णय के अधिन किया जाएगा । किसी भी कर्मचारी से वसूल की जाने वाली धन राशि का समायोजन उसे संदेय उपदान की रकम से किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण - इस अध्याय में -

(क) "गंभीर अपराध पद " के अंतर्गत ऐसा अपराध आता है जिसमें शासकीय गुप्त बात अधिनियम , 1923 (1923 का 19) के अधिन कोई अपराध अंतरग्रस्त है ।

(ख) "गंभीर अवचार पद" के अंतर्गत कोई गुप्त शासकीय संकेत को या संकेत शब्द या किसी रेखा चित्र, रेखांक, प्रतिमान , चीज़, टिप्पण, दस्तावेज़ या जानकारी को , जैसे की शासकीय गुप्त बात अधिनियम , 1923(1923 का 19) की धारा 5 में वर्णित है , जो की बैंक के अधीन किसी पद को धारण करते समय प्राप्त हुई थी, संसूचित या प्रकट करना है जिस से कि जन साधारण के हितों पर या राज्य की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े ।

(ग) " कपटपूर्ण पद " का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता , 1860 (1860 का 45)की धारा 25 के अधीन है ।

(घ) " आपराधिक न्यास भंग पद" का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता , 1860 (1860 का 45) की धारा 405 के अधीन दिया गया है ।

(ङ) "कूट रचना" पद का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता , 1860 (1860 का 45)की धारा 463 के अधीन है।

47. विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों के दौरान पेंशन का संराशीकरण :-कोई कर्मचारी जिसके विरुद्ध विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व संस्थित की गई हैं या जिसके विरुद्ध उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात् ऐसी कार्यवाहियां संस्थित की गई हैं ऐसी कार्यवाहियों के विचाराधीन रहने के दौरान, यथास्थिति, अपनी पेंशन या अनंतिम पेंशन के किसी भाग का इन विनियमों के अधीन प्राधिकृत संराशीकरण का पात्र नहीं होगा ।

48. बैंक को पहुंचाई गई धन-संबंधी हानि की वसूली :

1. यदि किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाही में किसी पेंशनभोगी को अपनी सेवा की अवधि के दौरान गंभीर अवचार या उपेक्षा या आपराधिक न्यासभंग या कूटरचना या कपटपूर्ण व्यवहार का दोषी पाया जाता है तो पेंशन भोगी के कारण बैंक को हुई धन-संबंधी हानि के लिए सक्षम प्राधिकारी स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उसकी पेंशन या उसके किसी भाग को रोक सकता है , प्रत्याहृत कर सकता है और पूरी रकम या उसके किसी भाग को पेंशन से वसूल करने का आदेश दे सकता है ।

परंतु यह कि किसी अंतिम आदेश को पारित करने से पूर्व बोर्ड से परामर्श किया जाएगा ।

परंतु यह और कि विभागीय कार्यवाहियां यदि कर्मचारी के सेवाकाल में संस्थित की गई हैं तो कर्मचारी के सेवा निवृत्त हो जाने पर वे इस विनियम के अधीन कार्यवाहियाँ समझी जाएँगी और इन कार्यवाहियों को प्रारंभ करने वाले प्राधिकारी द्वारा उनहें इस प्रकार चालू रखा जाएगा और पूरा किया जाएगा मानो कर्मचारी सेवा में बना हुआ है ।

परंतु यह और भी कि यदि कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियाँ कर्मचारी के सेवा काल में प्रारंभ नहीं की गई हैं तो किसी ऐसे वाद हेतुक या ऐसी घटना की बाबत जो कार्यवाही संस्थित किए जाने की तारीख से चार वर्ष पूर्व उदभूत हुआ हो या हुई हो, कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाही सस्थित नहीं की जाएगी ।

2. जहाँ संक्षम प्राधिकारी धन संबंधी हानि की वसूली पेंशन में से करने का आदेश देता है वहाँ ऐसी वसूली सामान्यतया सेवानिवृत्ति की तारीख को अनुज्ञेय पेंशन के एक तिहाई भाग से अधिक दर पर नहीं की जाएगी ।

परंतु जहाँ पेंशन का कोई भाग रोक लिया जाता है या प्रत्याहृत किया जाता है तो वहाँ पेंशन भोगी की पेंशन राशि इन विनियमों के अधीन संदेय न्यूनतम पेंशन राशि से कम नहीं होगी ।

49. बैंक को शोध्य राशियों की वसूली :- बैंक पेंशन के संराशी करण मूल्य या मासिक पेंशन या कुटुम्ब पेशन से बैंक को देय आवास ऋण , अग्रिम, अनुज्ञाप्ति फीस, अन्य वसूलियों और कर्मचारी सहकारी प्रत्यय सोसाइटी का देय शोध्य राशियों की वसूली करने का हकदार होगा ।

50. सेवानिवृत्ति के पश्चात वाणिज्यिक नियोजन :-

1. यदि कोई पेंशनभोगी अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले अधिकारी का पद धारण कर रहा था अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से दो वर्ष की समाप्ति से पूर्व कोई वाणिज्यिक नियोजन स्वीकार करना चाहता है तो वह ऐसी स्वीकृति के लिए बैंक की पूर्व मंजूरी प्राप्त करेगा ।

IndiaCode

2. बैंक, उप-विनियम 3 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, लिखित आदेश द्वारा पेंशनभोगी द्वारा किए गए आवेदन पर ऐसे पेंशनभोगी को आवेदन में विनिर्दिष्ट वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करने के लिए ऐसी शर्तों के, यदि कोई हों, जिन्हें वह आवश्यक समझे, अधीन रहते हुए अनुज्ञा दे सकेगा या ऐसे कारणों के आधार पर अनुज्ञा देने से इनकार कर सकेगा जो आदेश में अभिलिखित किए जाएँगे ।

3. किसी पेंशनभोगी को कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करने के लिए विनियम (2) के अधीन अनुज्ञा देने या देने से इनकार करने में, बैंक निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगा, अर्थात :

क) ग्रहण किए जाने के लिए प्रस्तावित नियोजन की प्रकृति और कर्मचारी का पूर्ववृत्त

ख) क्या उस नियोजन में जो वह ग्रहण करने का प्रस्ताव करता है, उसके कर्तव्य ऐसे हो सकते हैं जिनसे उसका बैंक के साथ विरोध हो,

ग) क्या पेंशनभोगी की जब वह सेवा में था तब उस नियोजक के साथ, जिसके अधीन वह नियोजन चाहता है ऐसा व्यवहार था कि जिससे यह संदेह करने के लिए यह युक्तियुक्त आधार बनता है कि ऐसे पेंशनभोगी ने ऐसे नियोजक के प्रति पक्षपात किया था ,

घ) क्या प्रस्तावित वाणिज्यिक नियोजन के कर्तव्यों में बैंक के साथ संपर्क या संबंध अंतर्वलित है,

ङ) क्या उसके वाणिज्यिक कर्तव्य ऐसे होंगे की बैंक के अधीन उसकी पूर्ववर्ती पदीय स्थिति या ज्ञान या अनुभव का प्रस्तावित नियोजन को अनुचित फायदा देने के लिए प्रयोग किया जा सकता है,

च) प्रस्तावित नियोजक द्वारा प्रस्थापित परिलब्धियाँ , और

छ कोई अन्य सुसंगत बात

4. जहाँ उप-विनियम (4) के अधीन किसी आवेदन की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन की कालावधि के भीतर बैंक आवेदित अनुज्ञा देने से इनकार नहीं करता है या आवेदक को इनकार किए जाने की संसूचना नहीं देता है वहाँ यह समझा जाएगा कि बैक ने आवेदित अनुज्ञा दे दी है ।

परंतु किसी ऐसी दशा में जहाँ आवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण या अपर्याप्त सूचना दी जाती है और बैंक के लिए उससे और स्पष्टीकरण या जानकारी माँगना आवश्यक हो जाता है , वहाँ 60 दिन की अवधि की गणना उस तारीख से की जाएगी जिसको आवेदक द्वारा त्रुटियाँ दूर की गई हैं या पूर्ण जानकारी दी गई है ।

5. जहाँ बैंक आवेदित अनुज्ञा किन्हीं शर्तों के अधीन रहते हुए देता है या ऐसी अनुज्ञा देने से इनकार करता है वहाँ आवेदक उस आशय के बैंक के आदेश की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर किसी ऐसी शर्त या इनकार किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन कर सकेगा और बैंक उस पर ऐसे आदेश कर सकेगा जो वह ठीक समझे ।

परंतु इस उप-विनियम के अधीन ऐसी किसी शर्त को रद्द करनेवाले या बिना किसी शर्त के ऐसी अनुज्ञा वाले किसी आदेश के भिन्न कोई आदेश, अभ्यावेदन करनेवाले पेंशनभोगी को प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शित करने का अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा ।

6. यदि कोई पेंशनभोगी बैंक की पूर्व अनुज्ञा के बिना अपनी सेवानिवृत्ति तारीख से दो वर्ष समाप्ति के पूर्व किसी समय कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करता है या किसी ऐसी शर्त को भंग करता है जिसके अधीन कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करने की अनुज्ञा उसे इस विनियम के अधीन दी गई है तो बैंक लिखित आदेश द्वारा और उसमें लेख पद किए जाने वाले कारणों के आधार पर यह घोषणा करने के लिए सक्षम होगा कि वह संपूर्ण पेंशन या उसके ऐसे भाग का ऐसी कालावधी के लिए जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए हकदार नहीं होगा ।

परंतु ऐसा कोई आदेश संबंधित पेंशनभोगी को ऐसी घोषणा के विरुद्ध कारण दर्शित करने का अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा ।

परंतु यह और कि इस उप-विनियम के अधीन कोई आदेश करने में बैंक निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगा :

i) संबंधित पेंशनभोगी की वित्तीय परिस्थितियाँ

ii) संबंधित पेंशनभोगी द्वारा ग्रहण किए वाणिज्यिक नियोजन की प्रकृति और उससे प्राप्त होने वाली परिलब्धियाँ

iii) कोई अन्य संगत बात ।

7. बैंक द्वारा इस नियम के अधीन पारित किया गया प्रत्येक आदेश संबधित पेंशनभोगी को संसूचित किया जाएगा ।

8. इस विनियम में वाणिज्यिक नियोजन पद से -

1. व्यापारिक , वाणिज्यिक , औद्योगिक , वित्तीय या वृत्तिक कारोबार लगी हुई किसी कंपनी (बैंकिंग कंपनी सहित) सहकारी सोसाइटी फर्म या व्यष्टि के अधीन अभिकर्ता सहित किसी भी हैसियत में कोई नियोजन अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत ऐसी कंपनी का निदेशकत्व (बैंकिंग कंपनी सहित) और ऐसी फर्म की भागीदारी भी है किन्तु ऐसी निगमित निकाय के अधीन नियोजन इसके अंतर्गत नहीं है जिसपर केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार का पूर्णतः या सारवान रूप से स्वामित्व या नियंत्रण है ।

2. स्वतंत्र रूप से अथवा किसी फर्म के भागीदार के रूप में ऐसे मामलों में सलाहकार या परामर्श दाता के रूप में व्यवसाय स्थापित करना अभिप्रेत है जिनकी बाबत पेंशनभोगी -

(अ) के पास कोई वृत्तिक अर्हताएँ नहीं हों और जिन विषयों की बाबत व्यवसाय करना है या चलाना है उनका संबंध उसके पदीय ज्ञान या अनुभव से माना जा सकता है, या

(आ) के पास वृत्तिक अर्हताएँ हैं किन्तु जिन विषयों की बाबत ऐसा व्यवसाय करना है वे ऐसे हैं कि उसकी पूर्ववर्ती पदीय स्थिति के कारण उसके ग्राहकों को अनुचित फायदा होना अधिसंभाव्य हो , या

IndiaCode

(इ) को ऐसा काम करना होगा जिसमें बैंक के कार्यालयों या अधिकारियों के साथ संपर्क या संबंध स्थापित करना पड़ सकता हो ।

स्पष्टीकरण : इस खंड के प्रयोजन के लिए " सहकारी सोसाइटी के अधीन नियोजन " पद के अंतर्गत किसी पद का चाहे व निर्वाचित हो अन्यथा धारण करना आता है , जैसे -अध्यक्ष सभापति, प्रबंधक , सचिव, कोषपाल आदि चाहे उस सोसाइटी में वह किसी भी नाम से ज्ञात हो ।

51. नामनिर्देशन :

(1) न्यास इन विनियमों द्वारा शासित प्रत्येक कर्मचारी को ऐसा नामनिर्देशन करने के लिए अनुज्ञात करेगा जिसमें पेंशनिक फायदों की रकम संदेय होने या संदेय हो जाने के पश्चात संदत्त न किए जाने के पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने की दशा में इन विनियमों की अधीन पेंशन संबंधी फायदों की रकम प्राप्त न करने का अधिर एक या एक से अधिक व्यक्तियों को प्रदान किया गया हो । ऐसे नामनिर्देशन ऐसे प्ररेपस समें किया जा सकेगा जो समय-समय पर बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए ।

(2) यदि कोई कर्मचारी उपविनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों का नाम निर्देशन करता है तो वह नाम निर्देशन में नामनिर्देशिती में से प्रत्येक को संदेय अंश की रकम इस रीति से विनिर्दिष्ट करेगा कि उसके अंतर्गत उसकी मृत्यु के पश्चात संदेय संपूर्ण पेंशनिक फायदे की रकम आ जाए ।

(3) किसी कर्मचारी द्वारा किए गए नाम निर्देशन का, न्यास को बैंक द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट प्ररूप में लिखित सूचना देकर किसी भी समय उपांतरण किया जा सकता है या प्रति संहरण किया जा सकता है ।

(4) कोई नामनिर्देशन अथवा उसका प्रति संहरण या उपांतरण न्यास को प्राप्त होने की तारीख से उस विस्तार तक जिस तक वह विधि मान्य है, प्राभावि होगा ।

52. पेंशन संदेय होने की तारीख :

(1) ऐसे कर्मचारी के सेवाय जिसको विनियम 43 और विनियम 46 के उपबंध लागू होते हैं, कुटुंब पेंशन से भिन्न पेंशन उस तारीख से ठीक बाद के तारीख से संदेय होगी जिसको कर्मचारी सेवानिवृत्त होता है ।

(2) कुटुंब पेंशन कर्मचारी या पेंशन भोगी की मृत्यु की तारीख के ठीक बाद की तारीख से संदेय होगी ।

(3) पेंशन जिसके अंतर्गत कुटुंब पेंशन भी है उस दिन के लिए संदेय होगी जिस दिन उसके प्राप्तिकर्ता की मृत्यु हो जाती है ।

53. मुद्रा जिस में पेंशन देय होगी : इन विनियमों के अधीन अनुज्ञेय सभी पेंशन केवल रुपये में और भारत में संदेय होगी ।

54. पेंशन संदाय की रीति : मासिक दर पर नियत की गई पेंशन प्रतिमास आगामी मास के पहले दिन को या उसके पश्चात संदेय होगी ।

55. अनुदेश जारी करने की शक्ति : बैंक का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समय समय पर इन विनियमों के कार्यान्वयन के लिए ऐसे अनुदेश जारी कर सकेगा जो वह आवश्यक या समीचीन समझे ।

56. अवशिष्ट उपबंध : संदेह की स्थिति में , इन विनियमों को लागू करने के मामलें में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को लागू केन्द्रीय सिविल सेवा नियम, 1972 या केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन संराशीकरण) नियम ,1981 के तत्समान उपबंधों को ध्यान में रखा जाएगा किन्तु ऐसे अपवादों और उपांतरणों के अधीन रहते हुए जो बैंक , समय समय पर, केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति से अवधारित करे ।

ह०/

के० पी० हेगड़े, उप महा प्रबंधक

परिशिष्ट 1

(विनियम 35 देखिए)

पहली जनवरी 1986 और 31 अक्तूबर , 1987 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संबंध में मूल पेंशन और अनिरिक्त पेंशन के अद्यतल करने का सूत्र निम्नलिखित रूप में होगा :

अ.	(1)	मूल पेंशन में निम्नलिखित राशि की वृद्धि की जाएगी :	
	(क)	पेंशन के लिए गणना किए जाने योग्य औसत परिलसंधियों के प्रथम रु 1000 का 50 प्रतिशत	रु. .. .. ..
	(ख)	अगले रु. 500 का 45 प्रतिशत	रु.....
	(ग)	पेंशन के लिए गणना किए जाने योग्य रु 1500 से अधिक औसत परिलब्धियसों का 40 प्रतिशत (क+ख+ग) का योग	रु.....(अ)
आ.		सेवानिवृत्ति के पहले सेवा के अंतिम दस मासों की ओसत पससरिलब्धियों का 50 प्रतिशत	रु .. . (आ)
इ.		उपर्युक्त 1 पर संगणित मूल पेंशन पर नीचे दी गई सारणी के अनुसार 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 600 सूचकांक पर महंगाई राहत	रु.....(इ)
ई.		कुल बढ़ी हुई मूल पेंशन = (आ)+ (इ) x अर्हक सेवा के वर्षों की संख्या (अधिकतम 33 वर्ष)/33	रु...(ई)

IndiaCode

उ. तारीख 01.11.1993 को मूल पेंशन रु....(उ)
(अगले उच्चतर रुपये तक पूर्णांकित)

2. अतिरिक्त पेंशन में वृद्धि के लिए भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना में लिए जाने वाले विशेष भत्तो की रकम, यथा स्थिति, सेवा विनियम या समझौतों के अनुसार भविष्य निधि की श्रेणी में आने वाले विशेष भत्तों की मात्रा के संदर्भ में बढ़ाई जाएगी ।

सारणी

1.1.1986 से 31.10.1987 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त हुए सभी वर्गों के कर्मचारियों के लिए 1960=100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर निकाली गयी महंगाई राहत की दरें ।

(क) अधीनस्थ संवर्ग के कर्मचारी ऊपर (1) पर परिकलित पेंशन का 80.40 प्रतिशत

(ख) रु.756/- प्रतिमास तक पेंशन आहरित करनेवाले लिपिकीय स्टाफ के कर्मचारी ऊपर (1) पर परिकलित पेंशन का 67 प्रतिशत

(ग) रु.757/- प्रतिमास और उससे अधिक पेंशन आहरित करनेवाले लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी निम्नलिखित महँगाई राहत के पात्र होंगे ।

प्रतिमाह ली जानेवाली मूल पेंशन की रकम रु.	अनुज्ञेय महंगाई राहत की रकम रु.
757 - 796	508.00
797 - 804	534.00
805 - 824	540.00
825 - 844	553.00
845 - 864	567.00
865 - 884	580.00
885 - 904	593.00
905 - 924	607.00
925 - 944	620.00
945 - 964	634.00
965 - 984	647.00
985 - 1004	660.00
1005 - 1024	674.00
1025 - 1044	687.00
1045 - 1064	701.00
1065 - 1084	714.00
1065 और उससे अधिक	727.00

IndiaCode

(घ) अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी निम्नलिखित रीति से महँगाई राहत के लिए पात्र होंगे :

(i) रु.765/- प्रतिमास तक मूल पेंशन पाने वालों के लिए	उपर्युक्त अ (1) के अनुसार परिकलित पेंशन की रकम का 66 प्रतिशत, किंतु अधिकतम राशि रु.500 होगी ।
(ii) रु.766/- से रु.1165/- प्रतिमास तक मूल पेंशन पानेवालो के लिए	रु.500/-
(iii) रु.1165/- प्रतिमास या उससे अधिक मूल पेंशन पाने वालों के लिए	उपर्युक्त अ(1) के अनुसार परिकलित पेंशन की रकम का 42.90 प्रतिशत, किन्तु अधिकतम रु 715 होगी ।

परिशिष्ट 2

(विनियम 37 देखिए)

मूल पेंशन पर महँगाई राहत निम्नलिखित रूप में होगी :

(1) ऐसे कर्मचारियो की दशा में जो 1 जनवरी 1986 को या उसके पश्चात किंतु 1 नवंबर 1993 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं 1960 = 100 शृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोगता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 600 अंकों को ऊपर प्रत्येक अंक के लिए महँगाई राहत , यथास्थिति , प्रत्येक वृद्धि के लिए सदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी । ऐसे प्रत्येक उक्त 4 अंक के लिए महँगाई राहत मे ऐसी वृद्धि या कमी की सगणना नीचे दी गई रीति से की जाएगी :

प्रति मास मूल पेंशन का मान (1)	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप मे महँगाई राहत की दर (2)
(i) रु.1250 तक	0.67 प्रतिशत
(ii) रु.1251 से रु.2000	रु.1250 का 0.67 प्रतिशत धन (+) रु.1250 से अधिक मूल पेंशन का 0.55 प्रतिशत
(iii) रु.2001 से रु.2130	रु.1250 का 0.67 प्रतिशत धन (+) रु.2000 और रु.1250 के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत धन (+) रु.2000 से अधिक मूल पेशन 0.33 पतिशत
(iv) रु.2130 से अधिक	रु. 1250 का 0.67 प्रतिशत धन (+) रु.2000 और रु.1250 के बीच के अंतर का 0.55 प्रतिशत धन (+) रु.2130 और रु.2000 के बीच के अंतर का 0.33 प्रतिशत जमा (+) रु.2130 से अधिक मूल पेंशन का 0.17 प्रतिशत

(2) ऐसे कर्मचारियों की दशा में जो पहली नवंबर, 1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होते हैं, 1960 = 100 शृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 1148 अंकों से

ऊपर प्रत्येक चार अंक की महँगाई राहत यथास्थिति , प्रत्येक वृद्धि के लिए संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी । ऐसे प्रत्येक उक्त 4 अंक के लिए महँगाई राहत में ऐसी वृद्धि या कमी की संगणना नीचे दी गई रीति से की जाएगी :

प्रति मास मूल पेंशन का मान (1)	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महँगाई राहत की दर (2)
(i) रु.2400 तक	0.35 प्रतिशत
(ii) रु.2401 से रु.3850	रु.2400 का 0.35 प्रतिशत धन (+) रु.2400 से अधिक मूल पेंशन का 0.29 प्रतिशत
(iii) रु.3851 से रु.4100	रु.2400 का 0.35 प्रतिशत धन (+) रु.3850 और रु.2400 के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत धन (+) रु.3850 से अधिक मूल पेंशन 0.17 प्रतिशत
(iv) रु.4100 से अधिक	रु. 2400 का 0.35 प्रतिशत धन (+) रु.3850 और रु.2400 के बीच के अंतर का 0.29 प्रतिशत धन (+) रु.4100 और रु.3850 के बीच के अंतर का 0.17 प्रतिशत जमा (+) रु.4100 से अधिक मूल पेंशन का 0.09 प्रतिशत

(3) महँगाई राहत पहली फ़रवरी से प्रारंभ होनेवाली और 31 जुलाई को समाप्त होने वाली छमाही के लिए पूर्व वर्ष के अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर माह के लिए प्रकाशित सूचकांक के तिमाही औसत के आधार पर तथा पहली अगस्त से प्रारंभ होनेवाली और 31 जनवरी को समाप्त होनेवाली छमाही के लिए उसी वर्ष के अप्रैल , मई और जून मास के लिए प्रकाशित सूचकांक के तिमाही औसत आधार पर संदेय होगी ।

(4) कुटुंब पेंशन, अशक्त पेंशन और अनुकंपा भत्ते के मामले में महँगाई राहत उपर्युक्त दरों के अनुसार संदेय होगी ।

(5) महँगाई राहत संराशीकरण के पश्चात भी पूर्ण मूल पेंशन पर अनुज्ञात होगी ।

(6) अतिरिक्त पेंशन महँगाई राहत संदेय नहीं है ।

परिशिष्ट-3

(विनियम 39 देखिए)

कुटुम्ब पेंशन की सामान्य दरें निम्नलिखित होंगी :

(क) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न 1.11.1993 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए, अंशकालिक कर्मचारियों की बाबत

प्रतिमास वेतन (1)	कुटुम्ब पेंशन की मासिक रकम (2)
1500 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी धन (+) ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 375 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा ।
1501 रु.से 3000 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी धन (+)ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 450 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा ।
3000 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी धन (+) ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिउ गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 600 रु. प्रतिमास से कम और 1250 रु. प्रतिमास से अधिक नहीं होगा ।

(ख) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न 1.11.1993 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए या सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारियों की बाबत :

प्रतिमास वेतन (1)	कुटुम्ब पेंशन की मासिक रकम (2)
2870 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेशन होगी धन (+) ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम 720 रु. प्रतिमास होगा ।
2871 रु.से 5740 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी धन (+)ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम रु. 860 प्रतिमास होगा ।
5740 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी धन (+) ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी । मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम रु. 1150 प्रतिमास और अधिकतम रु. 2400 प्रतिमास होगा ।

टिप्पणी :

1. महंगाई राहत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन पर संदेय नहीं है ।

2. यथापूर्वोक्त कुटुम्ब पेंशन की गणना के प्रयोजन के लिए " वेतन मान " विनियम 2 के उप खंड (ध) में यथा परिभाषित " वेतन " और विनियम 33 के उप-विनियम (3) के स्पष्टीकरण में यथा परिभाषित भत्तों का योग होगा ।

3. अंशकालिक कर्मचारी के मामले में कुटुम्ब पेंशन की न्यूनतम राशि और कुटुम्ब पेंशन की अधिकतम राशि कर्मचारी को मिलनेवाले मज़दूरी मान की दर के अनुपात में होगी ।

परिशिष्ट 4

(विनियम 27 देखिए)

मजदूरी मान पर स्थायी अंश-कालिक आधार पर की गई वास्तविक सेवा	पेंशन की राशि के परिकलन के लिए स्थाई अंशकालिक आधार पर की गई प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए तत्स्थानी अर्हक सेवा की अवधि
(1)	(2)
छह घंटे या उससे अधिक किंतु 13 घंटे से कम	वर्ष का एक तिहाई
13 घंटे से अधिक किन्तु 19 घंटे से कम	वर्ष का आधा
19 घंटे से अधिक किन्तु 29 घंटे तक	वर्ष का तीन चौथाई
29 घंट से अधिक	एक वर्ष

ह०/

के० पी० हेगड़े, उप महा प्रबंधक

VIJAYA BANK
HEAD OFFICE

NOTIFICATION
Bangalore, the 29th September, 1995

NO. 1900/95.—In exercise of the powers conferred by Clause (f) of sub-section (2) of section 19 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980 (40 of 1980), the Board of Directors of Vijaya Bank after consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations, namely :—

CHAPTER–I
PRELIMINARY

1. Short title and commencement:—

(1) These regulations may be called **"VIJAYA BANK (EMPLOYEES') PENSION REGULATIONS, 1995".**

(2) Save as otherwise expressly provided in these regulations, these regulations shall be deemed to have come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions :— In these Regulations, unless the context otherwise requires,

(a) **"Act"** means the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980 (40 of 1980);

(b) **"Actuary"** shall have the meaning assigned to it in clause (1) of section 2 of the Insurance Act, 1938 (4 of 1938);

(c) **"Appendix"** means, an Appendix annexed to these regulations;

(d) **"Average Emoluments"** means the average of the pay drawn by an employee during the last ten months of his service in the Bank;

(e) **"Bank"** means VIJAYA BANK mentioned under column 2 of THE FIRST SCHEDULE of the Act;

(f) **"Board"** means the Board of Directors of the Bank;

(g) **"Child"** means a child of the employee, who, if a son, is under twenty-five years of age and if a daughter, is unmarried and is under twenty-five years of age and the expression "children" shall be construed accordingly;

(h) **"Competent Authority"** means the authority appointed by the Board for the purposes of these regulations:

(i) **"Consolidated Wages"** means lump sum amount payable to part-time employee belonging to the subordinate staff who is not drawing scale wages;

(j) **"Contribution"** means any sum credited by the Bank on behalf of employee to the Fund, but shall not include any sum credited as interest;

(k) **"Date of retirement"** means the last date of the month in which an employee attains the age of superannuation or the date on which he is retired by the Bank or the date on which the employee voluntarily retires or the date on which the officer is deemed to have retired;

(l) **"Deemed to have retired"** means cessation from service of the Bank on appointment by Central Government as a whole-time Director or Managing Director or Chairman in the Bank or in any other Bank specified in column 2 of the FIRST SCHEDULE of the Act or Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980 (40 of 1980) or in any public financial institution or State Bank of India established under State Bank of India Act, 1955 (23 of 1955);

(m) **"Discipline and Appeal Regulations"** means the Vijaya Bank Officer Employees' (Discipline and Appeal) Regulations, 1981 made under section 19 of the Act;

(n) **"Employee"** means any person employed in the service of the Bank on full time work on permanent basis or on part-time work on permanent basis on scale wages and who opts and is governed by these regulations, but does not include a person employed either on contract basis or daily wage basis or on consolidated wages;

(o) **"Family"** in relation to an employee means:

(a) wife in the case of a male employee or husband in the case of a female employee;

(b) a judicially separated wife or husband, such separation not being granted on the ground of adultery and the person surviving was not held guilty or committing adultery;

(c) son who has not attained the age of twenty-five years and unmarried daughter who has not attained the age of twenty-five years, including such son or daughter adopted legally;

(p) **"Financial year"** means a year commencing on the 1st day of April;

(q) **"Fund"** means the "Vijaya Bank (Employees') Pension Fund" constituted under regulation 5;

(r) **"Notified Date"** means the date on which these regulations are published in the Official Gazette;

(s) **"Pay"** includes,—

(a) in relation to an employee who has either retired or died on or after the 1st day of January, 1986, but before the 1st day of November, 1993,—

(i) the basic pay including stagnation increments, if any, and

(ii) all allowances counted for the purposes of making contribution to the Provident Fund and for the payment of dearness allowance;

IndiaCode

(b) in relation to an employee who retires or dies while in service on or after the 1st day of November, 1993,—

(i) the basic pay including stagnation increments, if any; and

(ii) all allowances counted for the purpose of making contribution to the Provident Fund and for the payment of dearness allowance; and

(iii) increment component of Fixed Personal Allowance; and

(iv) dearness allowance calculated upto index number 1148 points in the All India Average Consumer Price Index for Industrial workers in the series 1960=100;

(t) **"Pension"** includes the basic pension and additional pension referred to in Chapter VI of these Regulations;

(u) **"Pensioner"** means an employee eligible for pension under these Regulations;

(v) **"Public financial institution"** means a financial institution regarded as a public financial institution for the purposes of section 4A of the Companies Act, 1956 (1 of 1956);

(w) **"Qualifying service"** means the service rendered while on duty or otherwise which shall be taken into account for the purpose of pension under these regulations;

(x) **"Retired"** includes deemed to have retired under clause (1);

(y) **"Retirement"** means cessation from Bank's service,—

(a) on attaining the age of superannuation specified in Service Regulations or Settlements;

(b) on voluntary retirement in accordance with provisions contained in Regulation 29 of these regulations;

(c) on premature retirement by the Bank before attaining the age of superannuation specified in Service Regulations or Settlements;

(z) **"Scale wages"** in relation to part-time employees means the Basic Pay, City Compensatory Allowance, Special Allowances, House Rent Allowance and other allowances, if any, and dearness allowance payable from time to time under the settlement;

(za) **"Service Regulations"** means Vijaya Bank (Officers') Service Regulations, 1982 made under Section 19 of the Act;

(zb) **"Settlement"** means memorandum of settlement agreed between the Management of the Bank represented by the association authorised by them and workmen of such Bank represented by trade unions authorised by them;

(zc) **"Trust"** means the trust of the Vijaya Bank (Employees') Pension Fund constituted under sub-regulation (1) of regulation 5;

(zd) **"Trustee"** mean the trustees of the Vijaya Bank (Employees') Pension Fund constituted under regulation 5;

(ze) **"Trustee of the Provident Fund"** means the trustees of the Provident Fund of the Bank;

(zf) all other words and expressions used in these regulations but not defined, and defined in the Act or the Service Regulations or Settlements shall have the same meanings respectively assigned to them in the Act, the Service Regulations or Settlement, as the case may be.

CHAPTER II

APPLICATION AND ELIGIBILITY

3. Application.-

These regulations shall apply to employees who,-

(1) (a) were in the service of the Bank on or after the 1st day of January, 1986 but had retired before the 1st day of November, 1993; and

(b) exercise an option in writing within one hundred and twenty days from the notified date to become member of the Fund; and

